Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwaparivar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 43 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# पीएम मोदी ने विदेश नीति में भारत के राष्ट्रीय हित को दी प्राथमिकताः स्कॉट मॉरिसन



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि वह भारत की विदेश नीति में मजबूत राष्ट्रीय हित और एक व्यावहारिक नजरिया लेकर आए हैं। उन्होंने पीएम मोदी के विजन को आगे बढ़ाने में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की अहम भूमिका की भी सराहना की। इटालियन-भारतीय उद्यमी और विश्लेषक वास शेनॉय के साथ एक साक्षात्कार के दौरान मॉरिसन ने भारत की विदेश नीति के सफर पर विचार साझा किए। यह बातचीत ऐसे समय हुई है, जब नई दिल्ली शनिवार को अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर संभावनाओं को साकार करने पर तेजी से ध्यान दे रहा है। मॉरिसन ने कहा, भारत अपनी स्वतंत्रता और स्वतंत्र माहौल का सम्मान करता है। वह अपने हितों के कारण ही अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कोरिया और कई अन्य देशों के साथ करीबी जुड़ाव बना रहा है।

ऐसा दूसरे संबंधों को नजरअंदाज करके नहीं किया जाता। प्रधानमंत्री मोदी इसे लेकर स्पष्ट हैं कि वे जिसे चाहें फोन कर लेंगे। वे जिस भी देश जाना जरूरी समझेंगे, भारत के राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाने के लिए, जाएंगे। हर देश का हर नेता यही करता है, राष्ट्रीय हित को आगे बढ़ाना।

## संसद का मानसून सत्र समाप्त

**नई दिल्ली।** भारी हंगामे और गतिरोध के बीच संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इसके साथ ही संसद का मानसून सत्र औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। आज मानसून सत्र का अंतिम दिन था। लोकसभा में जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। भारी शोर-शराबे के बीच लोकसभा की कार्यवाही लगभग 11:05 बजे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। आमतौर पर सदन की कार्यवाही शाम तक चलती है, लेकिन सुबह ही स्थगन हो गया। इस दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

# 'आजादी की धुन' स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करने का सुनहरा अवसर



■ **'आजादी की धुन' में इतिहास का गौरव, वर्तमान का कर्तव्य और भविष्य का संकल्प : मुख्यमंत्री श्री साय**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर की शाम आज देशभक्ति के सुरों से गूंज उठी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित 'आजादी की धुन' समारोह में प्रदेश के अलग-अलग अंचलों से आए 100 युवा कलाकारों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ एक साथ लाइव बैंड प्रस्तुति देकर देशभक्ति का अनुपम वातावरण निर्मित किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय समारोह में शामिल हुए और युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में देशभक्ति के गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम के भाव से सराबोर कर दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'आजादी की धुन' देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान को स्मरण करने का सुनहरा अवसर है। 'आजादी की धुन' हमें इतिहास के गौरव का स्मरण, वर्तमान के कर्तव्यों का बोध और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प दिलाती है। छत्तीसगढ़ में पहली बार 100 युवा कलाकारों द्वारा एक साथ अलग-अलग वाद्ययंत्रों पर देशभक्ति की धुनों की प्रस्तुति अपने आप में अनूठा प्रयास है। उन्होंने इस अभिनव आयोजन के लिए संस्कृति विभाग और सभी कलाकारों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संगीत में भावनाओं को जागृत करने और लोगों को एक सूत्र में जोड़ने की अद्भुत शक्ति होती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी गीतों, कविताओं और नारों ने देशवासियों के भीतर स्वाधीनता की चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देशभक्ति के गीतों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में हमारे क्रांतिकारियों और सेनानियों का मनोबल बढ़ाया तथा करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता के लक्ष्य के लिए एकजुट किया। आज भी जब देशभक्ति की धुनें सुनाई देती हैं, तो मन में राष्ट्र के प्रति गर्व और समर्पण का भाव स्वत: जागृत हो उठता है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने की मुलाकात

■ **नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ पर दी बधाई; त्रैमासिक कार्य-प्रगति रिपोर्ट की भेंट**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने छत्तीसगढ़ के नक्सलमुक्त होने पर श्री अमित शाह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। तोखन साहू ने इस अवसर पर अपना त्रैमासिक कार्य-प्रगति विवरण श्री अमित शाह को भेंट किया तथा अपने मंत्रालयीय दायित्वों एवं संसदीय क्षेत्र से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी साझा की। उन्होंने विभिन्न विषयों पर केंद्रीय गृह मंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ का नक्सलवाद से मुक्त होना प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह केवल सुरक्षा के मोर्चे पर मिली सफलता नहीं, बल्कि शांति, सुशासन, विकास और जनविश्वास के नए युग का शुभारंभ है।

उन्होंने कहा कि नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ में अब विकास की गति और तेज होगी तथा लंबे समय से प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास और रोजगार जैसी सुविधाओं का विस्तार नई ऊर्जा के साथ होगा।

# पंजाब के पूर्व डिप्टी-सीएम सुखबीर बादल पर गुरुद्वारे में हमला

**नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला हुआ। पुलिस के मुताबिक, गुरुद्वारा माता साहिब कौर में एक निहंग ने उन पर कृपाण से हमला किया। बादल के हाथ में चोट लगी है। हमले के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। घटना दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर हुई। पुलिस ने हमले के आरोपी निहंग जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सुखबीर बादल परिवार के साथ नांदेड़ के गुरुद्वारे में माथा टेकने पहुंचे थे। हमले के बाद उन्हें यशोसाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुखबीर बादल की सांसद पत्नी हरसिमरत कौर बादल को फोन कर सुखबीर का हाल जाना।

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त कर रहा 'हर घर तिरंगा' अभियान : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने देश के नागरिकों से अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने और अपने घरों पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति का जश्न मनाने की अपील की। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान देशवासियों के मन में राष्ट्रप्रेम और गौरव की भावना को मजबूत कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि तिरंगा देश के प्रति गर्व और एकता की ताकत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि करोड़ों देशवासी तिरंगे के साथ जुड़कर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त कर रहे हैं।



गृह मंत्री ने देश के हर नागरिक से 'हर घर तिरंगा' अभियान में लाखों अन्य लोगों के साथ जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का जश्न मनाएं और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं गौरव की भावना को मजबूत करें।



# राजनीतिक दल से ऊपर उठ कर भाजपा कांग्रेस के नेताओं ने एक साथ तिरंगा यात्रा में हुए शामिल मंच साझा की







## तिरंगा यात्रा में गूंजा वंदे मातरम्, उमड़ा जनसैलाब जगह-जगह पुष्प वर्षा

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार** - राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर पंचायत शिवनंदनपुर द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में विद्यालय बच्चों एवं आम नागरिकों ने हिस्सा लिया वंदे मातरम भारत माता की जय कीनन के उद्घोष से पूरा कोयलांचल गगनमान्य हो गया।

तिरंगा में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल लंगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष गोयल पूरे यात्रा में सम्मिलित हो विद्यालय छात्र-छात्राओं का हौसला अफ्जाई की।

यात्रा का शुभारंभ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विश्रामपुर के प्रांगण से हुआ।

तिरंगा यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए अंबेडकर चौक पहुंची। यहां से यात्रा आगे बढ़ते हुए मुख्य बाजार से होते हुए वापस कन्या स्कूल परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय विश्रामपुर, डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर, राजकुमार पब्लिक स्कूल (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम), कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम), गुरुकुल पब्लिक स्कूल शिवनंदनपुर तथा स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल शिवनंदनपुर के बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक सहित 5000 से ऊपर लोगों ने यात्रा में अपनी सहभागिता दिखाइए बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा रहा था। यात्रा को जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया जा रहा था।पूरे यात्रा में देशभक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। ।विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। 250 फीट लंबे तिरंगा के साथ विद्यार्थियों शिक्षकों एवं नागरिकों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करते हुए राष्ट्रध्वज के सम्मान तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा की अगुवाई महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, वन विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, अजय गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, सुभाष गोयल, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवनंदनपुर रितेश जायसवाल रमेश दनौदिया, कृष्ण कुमार जिंदल, कृष्ण कुमार गोयल, अशोक अग्रवाल, शिवनंदनपुर के अध्यक्ष रितेश जायसवाल एवं उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, पार्षद चंदन सिंह प श्यामू साहू, प्रमिला साहू, मंजू गोयल, विमला सिंह, बृजेन्द्र सिंह, अंजली देवी, हर्ष दनौदिया (चिनू), संतोष जायसवाल, वर्षा जायसवाल, , मनी बग्गा, अहमद वाहिद, दीपमाला सोनी, प्रशांत अग्रवाल (ईशू) सहित संत सिंह, ,राजकिशोर चौधरी, समीर सिंह, शीती कांत स्वाइ, रवि शंकर बउआ सूरज शेट्टी, नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी नायब तहसील मीना सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे पूरे यात्रा में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन तिरंगा यात्रा प्रभारी गौरी शंकर पाण्डेय ने किया।

# वी.एम. कॉलेज ऑफनर्सिंग, बिश्रामपुर का शानदार परीक्षा परिणाम, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



मनीषा 78 प्रतिशत प्रथम स्थान चतुर्थ सेमेस्टर



सलीमा 71 प्रतिशत द्वितीय स्थान तृतीय सेमेस्टर



तृप्ति 77.33 प्रतिशत द्वितीय स्थान चतुर्थ सेमेस्टर



कामाक्षी 72 प्रतिशत प्रथम स्थान तृतीय सेमेस्टर

**बिश्रामपुर।** वी.एम. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बिश्रामपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम प्रस्तुत करते हुए नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान कायम की है। बी.एससी. नर्सिंग तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों सेमेस्टर के परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिचय दिया।

बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर में भी विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। इस परीक्षा में मनीषा ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अमृता एवं तृप्ति ने 77.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सीता ने 76.44 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्या (75.55प्रतिशत), ज्योति (74.66प्रतिशत), कविता (74प्रतिशत), आशा (72.88प्रतिशत), नेहा साहू एवं श्रेया (72.44प्रतिशत), लीलावती (71.33प्रतिशत) तथा प्रीति साहू (70 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय की उपलब्धियों में नया अध्याय जोड़ा। वहीं बी.एससी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कामाक्षी ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सलीमा ने 71 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुराग ने 69.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त गायत्री (69प्रतिशत), उर्मिला सरूता (67.66प्रतिशत), चुनिका एवं उर्मिला सिंह (67.33प्रतिशत), चंचल एवं मंदावी (66.33प्रतिशत), सालिंता (65.66प्रतिशत), अनुज एवं सुमन (65प्रतिशत) तथा अंजू (64प्रतिशत) ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस दोहरी सफलता पर वी.एम. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बिश्रामपुर के डायरेक्टर श्री विजय राज अग्रवाल जी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सेवा भावना, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं मानवीय मूल्यों के साथ एक कुशल नर्सिंग प्रोफेशनल के रूप में तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी प्रकार निरंतर मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का यह शानदार परीक्षा परिणाम वी.एम. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बिश्रामपुर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाविद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में संस्थान इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम हासिल करते हुए नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा।

# रेलवे संघर्ष समिति ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा



## विश्रामपुर रेलवे स्टेशन में निजामुद्दीन अंबिकापुर एक्सप्रेस को ठहराव की मांग की

सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार विश्रामपुर रेलवे संघर्ष समिति ने अधिवक्ता प्रदीप घर जी के अगुवाई ने रेल समिति के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़ों को एक विज्ञापन संस्कार निजामुद्दीन अंबिकापुर एक्सप्रेस को विश्रामपुर में ठहराव की माँग को रेलवे विभाग एवं दिल्ली तक पहुंचाने की मांग की। उक्त विश्रामपुर रेलवे संघर्ष समिति एक लंबे समय से अंबिकापुर निजामुद्दीन एक्सप्रेस को रोकने की मांग करते आ रहे है। पूर्व में केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह को भी कई बार पत्र लिख कर इस ओर ध्यान आकर्षित कराया गया था परंतु उनका प्रयास भी असफल रहा। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से बार-बार अनुरोध किया जा रहा है परंतु अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है आज महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़ों को ज्ञापन शॉप पर सरगुजा सांसद प्रदेश के मुख्यमंत्री के माध्यम से रेल मंत्री का ईश्वर ध्यान आकर्षित कर विश्रामपुर में रेलवे स्टेशन में अंबिकापुर निजामुद्दीन की ठहराव के लिए पहल करने की मांग की

# गैलेक्सी Z फोल्ड8 सीरीज़ : फोल्डेबल तकनीक में एक बड़ी छलांग

**गुरुग्रामः** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने पिछले महीने 22 जुलाई को अपनी गैलेक्सी Z सीरीज़ की 8वीं पीढ़ी के स्मार्टफोन्स पेश किए, जिनमें गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी Z फोल्ड8, और गैलेक्सी Z फ्लिप8 शामिल हैं। पिछले कई सालों में यूजर्स से मिले फीडबैक और इंजीनियरिंग में किए गए नवाचारों के आधार पर तैयार किए गए ये स्मार्टफोन फोल्डेबल तकनीक में एक महत्वपूर्ण छलांग हैं, जो बाज़ार में सबसे बेहतरीन फोल्डेबल के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करते हैं। इन डिवाइसेस के सफल लॉन्च के बाद, Sunghoon Moon, Executive Vice President and Senior E&ecutive of Mobile R&D Office – Hardware, Mobile eXperience (MX) Business at Samsung Electronics ने इंजीनियरिंग को लेकर कंपनी के यूजर-केंद्रित दृष्टिकोण के बारे में अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा, शुरुआत से ही, हमने फोल्डेबल डिवाइसेस को एक ऐसे अवसर के रूप में देखा, जिससे लोगों के स्मार्टफोन इस्तेमाल करने के तरीके को नया रूप दिया जा सके। सात पीढ़ियों के सफर में, हमने यह समझा है कि लोग अपने डिवाइसेस को कैसे खोलते हैं, साथ रखते हैं, अनफोल्ड करते हैं और उन पर भरोसा करते हैं।

**यूजर्स से मिली इन जानकारियों ने सैमसंग की इंजीनियरिंग प्राथमिकताओं को आकार दिया :** बड़ा और अधिक इमर्सिव डिस्प्ले, ड्यूरैबिलिटी से समझौता किए बिना पतली और हल्की डिज़ाइन, अल्ट्रा-परफॉर्मेंस, जो फोल्डेबल फॉर्म फैक्टर के अनूठे फायदों को बरकरार रखती है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस चौकी लॉटरी में मैराथन एवं कुदरगढ़ में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

## चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने विजेताओं का किया सम्मानित



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री योगेश कुमार पटेल (भापुसे) द्वारा निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में युवाओं एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार, 12 अगस्त 2026 को चौकी लटोरी पुलिस द्वारा मैराथन दौड़ तथा चौकी कुदरगढ़ पुलिस द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

**चंदौरीडांड से लटोरी तक 5 किमी मैराथन दौड़**-चौकी प्रभारी लटोरी सुनील सिंह की देखरेख में ग्राम चंदौरीडांड से लटोरी तक लगभग 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ आयोजित की गई। प्रतियोगिता में चौकी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के युवाओं एवं धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ दौड़ में भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मैराथन दौड़ में ग्राम अजबनगर के राहुल यादव ने प्रथम, ग्राम डुमरिया के शिवशंकर ने द्वितीय तथा ग्राम लटोरी बिहारपुर के गणेश सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान ग्राम जगतपुर निवासी 12 वर्षीय बाल धावक घनश्याम कुशवाहा ने भी मैराथन दौड़ में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इतनी कम उम्र में उसकी दौड़ के प्रति रुचि एवं उत्साह को देखते हुए चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने उत्साहवर्धन करते हुए मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया ।

**कुदरगढ़ धाम पुलिस ने हाईस्कूल धूर में निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन-** इसी क्रम में कुदरगढ़ चौकी प्रभारी संजय यादव के ने हाईस्कूल धूर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन एवं व्यक्तित्व पर आधारित निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के 123 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में चंदन सिंह ने प्रथम, जितेन्द्र राजवाड़े ने द्वितीय तथा संत कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य जवाहर लाल पटेल सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

पुलिस द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण, एकता, अनुशासन, खेल भावना तथा महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मैराथन दौड़ में युवाओं की सहभागिता और निबंध प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी से कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखने को मिला।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री योगेश कुमार पटेल ने मैराथन दौड़ एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में जूता-मोजा और चप्पल का वितरण




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में सामाजिक सरोकार की दृष्टि से निर्धन व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए, ऐसे छात्र जिनके माता तथा पिता नहीं है या जिनके माता या पिता का देहावसान हो गया है, उन छात्र-छात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जूता-मोजा और चप्पल वितरित कर सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि संस्था के विजन अनुरूप सभी बच्चों को अशासकीय विद्यालय के तर्ज पर टाई, बेल्ट, परिचय पत्र, काला जूता व लाल मोजा दिया जाता रहा है। ऐसा करने से बच्चों के मन में जहां अशासकीय विद्यालय में ना पढ़ पाने का मलाल खत्म होता है तो वहीं बच्चे स्वाभिमान के साथ विद्यालय आने के लिए तैयार हो पाते हैं। विदित हो कि इस वर्ष 82 बच्चे विद्यालय में दर्ज हैं और प्रतिदिन शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में रहती है। बताते चलें कि संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी की मांग पर जूता-मोजा एवं चप्पल क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कलेश्वरी कुर्रे, एसईसीएल श्रमिक जनप्रतिनिधि लखन लाल कुर्रे, पूर्व जनपद सदस्य बाबूलाल राजवाड़े तथा पूजा बूट हाउस बिश्रामपुर के संचालक ऋषि सोनी खत्री द्वारा उपलब्ध कराई गई, जिसे क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य बाबूलाल राजवाड़े, जवाहर लाल राजवाड़े, जनशिक्षक विजेंद्रलाल जायसवाल की उपस्थिति में बच्चों को प्रदान किया गया। जूता-मोजा और चप्पल मिलने से बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान संस्था के शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी सहित बाल कैबिनेट के मंत्री पायल राजवाड़े, वर्षा, खुशी सिंह, सुनीता सिंह, साधना राजवाड़े, दुर्गेश्वरी विश्वकर्मा, घरभरन, कुश देवांगन तथा कैलास राजवाड़े सक्रिय रहे।

### सैमसंग ने पुणे में FläktGroup की नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के साथ AI डेटा सेंटर कूलिंग क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत की

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज घोषणा की कि महाराष्ट्र के पुणे में FläktGroup (एक सैमसंग कंपनी) द्वारा संचालित नई हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (HVAC) मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का काम पूरा हो गया है। इससे भारत और एशिया-पैसिफिक में तेजी से बढ़ रहे डेटा सेंटर कूलिंग और HVAC मार्केट में सैमसंग की स्थिति और मजबूत होगी।

नवंबर 2025 में ग्लोबल HVAC स्पेशलिस्ट कंपनी FläktGroup का अधिग्रहण पूरा करने के बाद, यह FläktGroup की पहली नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है जो काम करना शुरू कर रही है। यह दोनों कंपनियों के एकीकरण और सैमसंग के ग्लोबल HVAC बिजनेस को बढ़ाने की रणनीति में एक अहम पड़ाव है। मुंबई और प्रमुख लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के पास रणनीतिक रूप से स्थित यह प्लांट न केवल भारत में, बल्कि पूरे एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में ग्राहकों को तेजी से HVAC सॉल्यूशन पहुंचाने में मदद करेगा।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने 12 अगस्त को नई यूनिट में एक समारोह आयोजित किया, जिसमें डिजिटल एप्लायंस (DA) बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और हेड चेओल्गी किम, FläktGroup के CEO डेविड डॉर्नी, दोनों कंपनियों के अधिकारी और प्रमुख ग्राहकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक लोग शामिल हुए।

डिजिटल एप्लायंस (DA) बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और हेड चेओल्गी किम ने कहा, भारत के पुणे में प्रोडक्शन लाइन का पूरा होना, भारत से बाहर व्यापक एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में हमारे HVAC सप्लाई को बढ़ाने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। सैमसंग की AI और प्लेटफॉर्म टेक्नोलॉजी को FläktGroup की HVAC विशेषज्ञता के साथ मिलाकर, हम AI डेटा सेंटर्स सहित कई तरह के ग्राहकों को बेहतरीन वैल्यू देंगे। नई प्रोडक्शन यूनिट (जिसमें प्रोडक्शन लाइन, ऑफिस और सहायक सुविधाएं शामिल हैं) लगभग 13,826 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। यह यूनिट सिर्फ छह महीनों में इक्विपमेंट इंस्टॉलेशन से मास प्रोडक्शन (बड़े पैमाने पर उत्पादन) के चरण तक पहुंच गई। FläktGroup की योजना है कि वह धीरे-धीरे अपना प्रोडक्शन बढ़ाकर सालाना 6,500 HVAC यूनिट तक ले जाए।



# संपादकीय

## लाभ उठाने की रणनीति नाकाम

जिस समय देश में 'विश्व गुरु' बनने की खुशफहमी का आलम था, असल में भारत सरकार अवसरों का लाभ उठाने की कारगर रणनीति बनाने में नाकाम रही। दो बड़े थिंक टैंक इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं। दो थिंक टैंक इस समान निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि 2018 के बाद वैश्विक समीकरणों में शुरू हुए तेज बदलाव से जो अवसर सामने आया, भारत उसका लाभ उठाने में विफल रहा। दरअसल, यह उस दौर की कथा है, जिसमें भारत के 'विश्व गुरु' बनने की कहानियों पर करोड़ों देशवासी यकीन किए हुए थे। लेकिन जिस समय ऐसी खुशफहमी का आलम था, असल में भारत सरकार अवसरों का लाभ उठाने की कारगर रणनीति बनाने में नाकाम रही। न्यूयॉर्क स्थित थिंक टैंक रोडियम ग्रुप ने 'क्या भारत अंतत: अपनी मैनुफैक्चरिंग महत्त्वाकांक्षाओं को हासिल कर सकेगा'- शीर्षक से जारी अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि 2018 में जब अमेरिका और चीन में व्यापार जंग शुरू हुई, तो यह आम धारणा बनी कि चूंकि कंपनियां अपना कारोबार चीन से निकालकर दूसरे देशों में ले जाएंगी, तो भारत को इसका सबसे ज्यादा फायदा होगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वियतनाम और मेक्सिको ने इस मामले में कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। अमेरिका को चीन के निर्यात में आई गिरावट से खाली हुई जगह को उन्होंने प्रभावी ढंग से भरा। इससे इन देशों के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में ज्यादा मूल्य (वैल्यू) जुड़ा, जबकि भारत इस मामले में काफी पीछे रह गया है। रणनीतिक मामलों में ऐसे ही निष्कर्ष पर ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट पहुंचा है। उसके 'एशिया पावर इंडेक्स' के मुताबिक भारत अपनी विशाल क्षमताओं और संसाधनों के बावजूद एशिया में प्रभावशाली शक्ति या क्षेत्रीय एंकर (स्थिरता प्रदान करने वाली प्रमुख ताकत) नहीं बन पा रहा है इंस्टीट्यूट के मुताबिक भारत के पास जितनी क्षमता, जनसंख्या, और संसाधन हैं, उनकी तुलना में उसका वास्तविक क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव बहुत कम है। भारत का क्षेत्रीय रक्षा गठबंधनों और व्यापारिक साझेदारियों में प्रभाव अन्य प्रमुख शक्तियों की तुलना में सीमित है, जिससे यह अपनी क्षमता का पूरा लाभ नहीं उठा पाया है। चीन से पश्चिम की प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर भारत से हमदर्दी रखने वाली विदेशी संस्थाएं ऐसे निष्कर्ष पर पहुंचती हैं, तो उस पर भारतवासियों को ध्यान देना चाहिए। जब जवाबदेही का मुद्दा उठा है, इन नाकामियों के लिए कौन उत्तरदायी है, ये सवाल भी जरूर पूछा जाना चाहिए।

## 15 अगस्त विशेष चिंतन रुपक

# ऐसे टूटीं पराधीनता की बेड़ियां

15 अगस्त 2026 को भारतवासी आजादी के 80 वां पर्वोल्लास से सराबोर होंगे खुले आसमान में लहराते तिरंगा तले जयहिन्द, भारत माता की जय का उद्घोष जनमन को भावविभोर कर देगा। यह विशेष दिवस



आत्मविश्लेषण-आत्मचिंतन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण दिवस होता है। यही वजह है कि देशभर में आजादी के पूर्व और बाद की स्थिति अतीत से अद्यतन की चर्चा इस पर्व पर विविध माध्यमों से की जाती है। वीर-वीरांगनाओं के त्याग- समर्पण का स्मरण करके उन्हे शत शत नमन् किया जाता है। स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताता है कि 15 अगस्त 1947 के पहले अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों और बढ़ते अत्याचारों के सामने हर हिंदुस्तानी दासत्व में जीने को विवश हो चला था। दिन में भी घटाटोप अंधियारी रात का अहसास होता था। ऐसे दमघोटू माहौल से आक्रोशित देशभक्त हिंदुस्तानियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफविरोध का बिगुल फूंक दिया। 1857 की क्रांति के साथ ही हर ओर भारत छोड़ो का नारा गूंज उठा था। उस दौर में क्रांतिकारियों के हृदय में धधकती ज्वाला को ओजस्वी शब्दों में चित्रित करते हुए कविश्री लिखते हैं उठो जवानों नाम मिटा दो,पापी और शैतान का, दुश्मन की छाती में गाड़ो झण्डा हिन्दुस्तान का। स्वतंत्र भारत की पवित्र धरा पर खुली हवा में सांस लेते हुए देशवासियों ने आज तक जो कुछ भी अर्जित किया है, वह प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से तीन सौ वर्षों की गुलामी की पीड़ा सहे वीर पूर्वजों की देन है। फिरंगियों के खिलाफविद्रोह की मशाल लेकर क्रांति में कूदे, शहीद हुए माँ भारती के सपूतों की कुर्बानी का सुफल है। इस नाते सदैव नवपीढ़ी को यह स्मरण रखना होगा कि उन्हें विरासत में मिली आजादी की पूंजी खैरात की नहीं है। यह वीर वीरांगनाओं की कठोर तपस्या से तैयार की गई फसल से उपजी पूंजी है। इसकी हिफाजत हर हाल में किसी भी कीमत पर करने के लिए युवा वर्ग को तत्पर रहना होगा। प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है कि आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के सपूतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्ष 1824 में ही छत्तीसगढ़ के वीर आदिवासी सपूतों ने फिरंगियों के खिलाफजंग छेड़ दी थी। आदिवासी सेनानियों की हुंकार से ताकतवर अंग्रेज हुकुमत थरथर कांपती थी। ऐसे पारंपरिक शौर्य का प्रदर्शन करने वालों में छत्तीसगढ़ महतारी के महावीर बेटो में वीर गेंदसिंह, गुंडापुर, इंदरू केवट, वीरनारायण सिंह, राजा भेरम देव आदि शामिल है। उन दिनों सोना खान के सपूत वीर नारायण सिंह का शौर्य और साहस जनगीत बनकर गुंजता था- परन ठान के,कफन बांध के,भारत माँ के करीन बिचार,गरजिस बधवा बीर नारायण, लिन तलवार निकाल। स्वराज पथ गामियों में अग्रणीय ऐसे आदिवासी समाज की विशेषताओं को अभिव्यक्त करती हैं ये पंक्तियां- छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाईयों के मिजाज लाजवाब है, गणित की किताब में ये रखते गुलाब है। फिरंगियों के राज को नेस्तनाबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ की वीरांगनाओं ने भी ब्रिटिश हुकूमत की ईंट से ईंट बजा दी थी। रणचंडी की तरह हूंकार भरती रौद्ररुपा डॉ. राधाबाई, रोहणी बाई परगनिहा, केतकी बाई, बेला बाई, फूलकुंवर बाई और मीनाक्षी देवी (मिनीमाता) की राष्ट्रवादी भावना के आगे अंग्रेजों के नापाक ईरादे ताश के पत्तों से बने मीनार की भांति भरभरा कर गिरते-टूटते चले गए थे। अंतत: अंग्रेजों को मां भारती के वीर लाल और ललनाओं के सामने झुकना पड़ा। पराधीनता की बेड़ियों से माँ भारती को मुक्ति मिल गई। मां भारती की आन- बान- शान के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वाले शूरवीरों की शहादत की कीमत चुकाना असंभव है। इसे अजर अमर बनाए रखने के लिए महान विभूतियों की तस्वीरें केवल शासकीय कार्यालयों में ही नहीं घर-घर में भी लगनी चाहिए। स्वतंत्रता सेनानियों ने देशवासियों पर जो उपकार किया है, वह अमूल्य है। अतुल्य है। वे पूज्य है अत: आजादी के पर्व पर एक नया संकल्प लें कि घर घर तिरंगा फहराएंगे। दीवारों पर परिवार के पूज्य सदस्यों की भांति कम से कम एक महान विभूति की तस्वीर लगाएंगे। यह नई पहल आत्मसुख देगी। नई पीढ़ी के मानस पटल पर देशभक्ति का बीजारोपण करने में अवश्य कारगर होगी। शूरवीरों को नमन करते हुए कहें दिल से - यही पूजा सुबह-शाम कर लें, देश के अमर शहीदों को बस प्रणाम कर लें।

**विजय मिश्रा 'अमित' अग्रोहा कॉलोनी रायपुर ( छग ) 492013 मो.9893123310**

# सेमीकंडक्टर और एआई क्रांति भविष्य को सशक्त बनाना

## चिप्स से एआई तक : भारत की टेक्नोलॉजी लीडरशिप का निर्माण

सेमीकंडक्टर आधुनिक तकनीक की नींव हैं, जो स्मार्टफोन और गाड़ियों से लेकर सैटेलाइट और एआई सिस्टम तक हर चीज़ को चलाते हैं। एआई अब एडवांस्ड चिप्स, खास प्रोसेसर और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग की मांग को बढ़ा रहा है, जिससे ये दोनों तकनीक एक-दूसरे से गहराई से जुड़ गई हैं। इसी जुड़ाव को समझते हुए, भारत चिप डिज़ाइन और विनिर्माण से लेकर कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वदेशी एआई मॉडल तक अपनी क्षमताएं विकसित कर रहा है। सरकार द्वारा की जा रही पहलें दोनों क्षेत्रों में एक ऐसी एकीकृत तकनीक व्यवस्था बना रही हैं, जो आत्मनिर्भरता, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह जुड़ाव आधुनिक विनिर्माण, शोध, उद्यमिता और उच्च मूल्य वाले रोज़गार के नए अवसर भी खोल रहा है। जब भारत अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो ये क्षमताएं वैश्विक तकनीक नेतृत्व और विकसित भारत की दिशा में एक निर्णायक कदम हैं।

## सेमीकंडक्टर : तकनीकी आत्मनिर्भरता की नींव

भारत सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में घरेलू क्षमताएं विकसित कर रहा है, इसमें चिप डिज़ाइन और फैब्रिकेशन से लेकर उन्नत पैकेजिंग, उपकरण और सामग्री तक सब कुछ शामिल है। आज घरेलू क्षमताओं को मजबूत करके, भारत भविष्य की तकनीकों को आकार देने की स्थिति में आ रहा है।


## एक समर्पित मिशन ने आत्मनिर्भरता की नींव रखी

सेमीकॉन 1.0 ने भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को बनाने के लिए ?76,000 करोड़ के बजट के साथ नींव रखी। यह पूरी मूल्य श्रृंखला को मदद करता है, जिसमें चिप डिज़ाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, टेस्टिंग, उपकरण, सामग्री और कुशल प्रतिभाएं शामिल हैं। सेमीकॉन 2.0 इस नींव को वैश्विक व्यवस्था के नेतृत्व में बदल रहा है और इसके लिए जुलाई 2026 में ?1,27,500 करोड़ के बजट को मंज़ूरी दी गई। सेमीकॉन इंडिया 2.0 छह रणनीतिक स्तंभों पर आधारित है: चिप डिज़ाइन, मशीनें और सामग्री, फैब्स, ATMP/OSAT, शोध और विकास और प्रतिभा यह एकीकृत दृष्टिकोण आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ाता है, घरेलू मूल्यवर्धन को विस्तारित करता है और भारत को भविष्य में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाता है।

## नीति से सेमीकंडक्टर निर्माण तक

छह राज्यों में 12 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें ?1.64 लाख करोड़ से अधिक का निवेश शामिल है। परियोजनाओं में सिलिकॉन और कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब्स, डिस्प्ले फैब्रिकेशन और उन्नत पैकेजिंग सुविधाएं शामिल हैं। तीन सुविधाओं में पहले ही वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो चुका है, जो सेमीकंडक्टर नीति से विनिर्माण की ओर भारत के बदलाव का संकेत है। सेमीकंडक्टर सुविधाएं ऑटोमोबाइल, दूरसंचार, एयरोस्पेस, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति करेंगी सेमीकंडक्टर फैब्स संयंत्र कच्चे सिलिकॉन वेफर्स को कार्यशील एकीकृत सर्किट और माइक्रोचिप्स में परिवर्तित करते हैं। डिस्प्ले फैब्रिकेशन संयंत्र फोन, कारों और गैजेट्स आदि के लिए फ्लैट और फ्लेक्सिबल स्क्रीन बनाते हैं उन्नत पैकेजिंग विधियां संवेदनशील चिप्स को कवर, वायर और शील्ड करती हैं, ताकि वे तेजी से काम कर सकें और लंबे समय तक चल सकें।

## स्वदेशी सेमीकंडक्टर डिज़ाइन क्षमताओं का विकास



भविष्य की कार्यबल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सरकार ने चिप्स टू स्टार्टअप जैसी पहलों के माध्यम से सेमीकंडक्टर कौशल विकास को प्राथमिकता दी है। इसके तहत 320 शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन ऑटोमेशन टूल्स उपलब्ध कराए गए हैं। 68,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे उन्नत चिप-डिजाइन क्षमताओं तक पहुंच बढ़ी है। अधिक जानकारी के लिए पढ़ें: चिप्स टू स्टार्ट-अप (सी2एस) कार्यक्रम डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव (छ्ख्) योजना के तहत 24 सेमीकंडक्टर डिजाइन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 105 स्टार्टअप्स/MSMEs को EDA टूल्स के लिए सहायता प्रदान की गई है। अधिक जानकारी के लिए पढ़ें: डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव योजना

## इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन ऑटोमेशन (ईडीए)

ईडीए उपकरण सेमीकंडक्टर चिप्स को डिज़ाइन, सिमुलेट, सत्यापित और अनुकूलित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर प्लेटफार्म हैं। ये जटिल चिप डिज़ाइनों का प्रबंधन करते हैं, निर्माण से पहले त्रुटियों का पता लगाते हैं और प्रदर्शन, बिजली दक्षता और विश्वसनीयता में सुधार करते हैं। डिज़ाइन समय, लागत और निर्माण जोखिमों को कम करके, ईडीए उपकरण विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए उन्नत चिप्स के तीव्र विकास को सक्षम बनाते हैं। अप्रैल 2026 तक 75 संस्थानों द्वारा 211 चिप डिज़ाइनों का टेप-आउट किया गया, जो घरेलू चिप डिज़ाइन क्षमताओं के विस्तार को दर्शाता है। 7 चिप्स का सफलतापूर्वक निर्माण विभिन्न नोड्स पर किया गया है, जिसमें 12 नैनोमीटर जैसे उन्नत नोड्स भी शामिल सेमीकॉन 2.0 का मकसद सेमीकंडक्टर आईपी, चिप और सिस्टम डिज़ाइन को और बढ़ावा देना है, जिससे वैश्विक सेमीकंडक्टर डिज़ाइन हब के तौर पर भारत की स्थिति मज़बूत होगी।

## वैश्विक साझेदारी

अमेरिका, जापान, सिंगापुर, नीदरलैंड, जर्मनी और यूरोपीय संघ के साथ वैश्विक साझेदारी से तकनीकी सहयोग और व्यवस्था का तेज़ी से विकास हो रहा है। सेमीकॉन इंडिया 2025 में 48 देशों और क्षेत्रों से 350 से ज़्यादा प्रदर्शक और प्रतिभागी शामिल हुए, जिससे वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की भागीदारी मज़बूत हुई। इस कार्यक्रम में 35,000 पंजीकरण, 30,000 लोगों की मौजूदगी और 25,000 ऑनलाइन व्यूअर्स दर्ज किए गए, जो भारत के सेमीकंडक्टर लक्ष्यों में दुनिया की गहरी दिलचस्पी को दिखाते हैं। उत्पाद विकास, सेवाओं और सेमीकंडक्टर कौशल विकास को मज़बूत करने के लिए 12 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की घोषणा की गई। ये साझेदारी भारतीय कंपनियों को वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला से जोड़ने और घरेलू क्षमताओं को तेज़ी से बढ़ाने में मदद कर रही हैं।

IndiaAI मिशन: भारत की अपनी और समग्र एआई व्यवस्था का निर्माण

लगभग ?10,372 करोड़ के परिव्यय के साथ स्वीकृत इंडियाद्व मिशन ने पिछले एक वर्ष में महत्वपूर्ण प्रगति की है। मिशन का उद्देश्य ऐसी क्षमताओं का निर्माण करना है, जो सुरक्षित, समावेशी और भारतीय आवश्यकताओं पर आधारित हों। इसका लक्ष्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नवाचार, आर्थिक विकास और सार्वजनिक सेवा वितरण के लिए एक रणनीतिक क्षमता बनाना है।

बड़े पैमाने पर सार्वभौम एआई कंप्यूटिंग क्षमता

इंडियाद्व मिशन ने जून 2026 तक, साझा कंप्यूटिंग क्षमता को 45,000 से अधिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (GPUs) तक बढ़ाया है।

अगस्त 2026 तक, 237 परियोजनाओं ने सब्सिडी वाली,द्व कंप्यूटिंग का लाभ उठाया, जिसमें 93.18 लाख त्रक्क घंटे शामिल हैं। इससे,द्व मॉडल के विकास, प्रशिक्षण, परीक्षण और अनुसंधान के लिए किफायती उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग उपलब्ध हो रही है। इससे भारतीय शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स और नवोन्मेषकों के लिए उन्नत,द्व कंप्यूटिंग तक पहुंच आसान हो रही है।

ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जपीयू)

जीपीयू एक खास तरह का इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसर है, जिसे ग्राफिक्स, इमेज प्रोसेसिंग और डेटा से जुड़े भारी कंप्यूटिंग कामों को तेज़ी से करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जीपीयू का इस्तेमाल कंप्यूटर, स्मार्टफोन, सर्वर और दूसरे डिजिटल डिवाइस में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

फाउंडेशनल एआई मॉडल

सरकार ने 506 आवेदनों में से 20 स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल प्रस्तावों को चुना है, जिनमें 12 बड़े मल्टीमॉडल मॉडल और 8 छोटे भाषा मॉडल शामिल हैं।

इससे भारतीय भाषाओं, ज़रूरतों और संदर्भों के अनुकूल एआई मॉडल विकसित करने में भारत की क्षमता मज़बूत होती है।

एआई मॉडल के लिए डिजिटल आधार

जुलाई 2026 तक, एआई कोष में 14,000 से ज़्यादा डेटासेट और 331 एआई मॉडल मौजूद हैं, जो शोधकर्ताओं, डेवलपर्स और अन्वेषकों को एआई समाधान बनाने और उन्हें बड़े स्तर पर लागू करने के लिए ज़रूरी संसाधन उपलब्ध कराते हैं।

## प्रयोगशालाओं से वास्तविक दुनिया के शासन तक

अगस्त 2026 तक, IndiaAI पहलों के तहत 62 एआई प्रोटोटाइप विकसित किए गए हैं और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में 20 एआई समाधान लागू किए गए हैं। 11 राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन और नवाचार चैलेंज, विचारों से लेकर लागू किए जा सकने वाले समाधानों तक की प्रक्रिया को और आगे बढ़ा रहे हैं।

## सेंटर ऑफएक्सीलेंस के ज़रिए इनोवेशन

अगस्त 2026 तक, अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 58 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (एआई सीओई) को मंज़ूरी दी गई है। 13 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 22 सीओई को पहले ही मंज़ूरी मिल चुकी है और उन पर काम शुरू हो गया है। ये केंद्र खास क्षेत्रों में शोध, नवाचार और एप्लीकेशन डेवलपमेंट को मज़बूत कर रहे हैं।

## टैलेंट और डीप-टेक इकोसिस्टम बनाना

अंत:विषयक साइबर-भौतिक प्रणालियों पर राष्ट्रीय मिशन (एनएम-आईसीपीएस) ने प्रमुख अकादमिक संस्थानों में 25 तकनीकी नवाचार केंद्र बनाए हैं। ये केंद्र एआई, रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम तकनीक और दूसरे उभरते हुए क्षेत्रों में शोध, कौशल, स्टार्ट-अप और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में मदद करते ह

## तेज़ी से अपनाए जाने के साथ-साथ भरोसेमंद एआई

जुलाई 2026 तक, भारत सरकार ने IndiaAI मिशन के सुरक्षित और भरोसेमंद एआई स्तंभ के तहत 13 ज़िम्मेदार एआई परियोजनाओं को मंज़ूरी दी। ये परियोजनाओं कई अहम चुनौतियों से निपटती हैं, जैसे कि भेदभाव या पक्षपात को कम करना, मशीन अनलर्निंग, डीपफेक का पता लगाना, प्राइवेसी का ध्यान रखने वाला एआई, व्याख्या-योग्यता और एआई से जुड़े जोखिमों का आकलन।

## एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को समर्थन करने के लिए डेटा केंद्रों की क्षमता का विस्तार

डेटा सेंटर पूरे देश में स्थित हैं, जैसे मुंबई, नवी मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, दिल्ली एनसीआर और गुजरात। इंस्टॉल की गई क्षमता 2020 में 375 मेगावाट से बढ़कर अब लगभग 1,575 मेगावाट हो गई है। डेटा सेंटर उद्योग अब आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी फैल रहा है, जो नए निवेश गंतव्य के तौर पर उभर रहे हैं।

## वैश्विक पहचान


स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट 2025 ने एआई कॉम्पिटिटिवनेस और इकोसिस्टम वाइब्रेंसी में भारत को दुनिया भर में तीसरा स्थान दिया। 2025 में, GitHub AI प्रोजेक्ट्स में भारत दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता था, जो इसके डेवलपर और इनोवेशन समुदाय की मज़बूती को दर्शाता है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 फरवरी 2026 में आयोजित किया गया था। इसमें 100 से ज़्यादा देशों और 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिधिमंडलों ने हिस्सा लिया और 92 देशों व संगठनों ने घोषणापत्र को अपनाया। भारत, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल हुआ, ताकि मज़बूत ग्लोबल सिलिकॉन आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए अमेरिका और अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर काम किया जा सके। यह एक आत्मनिर्भर, समावेशी और ग्लोबल स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक एआई व्यवस्था बनाने के भारत के घरेलू प्रयासों को और मज़बूत करता है।

## चिप्स और एआई के क्षेत्र में तेज़ी बनाए रखना

भारत का सेमीकंडक्टर कार्यक्रम मंज़ूरी और डिज़ाइन सपोर्ट से आगे बढ़कर अब व्यावसायिक उत्पादन की ओर बढ़ रहा है। अगले चरण, यानी सेमीकॉन 2.0 में उपकरण, सामग्री, उन्नत पैकेजिंग, शोध, देश की अपनी बौद्धिक संपदा और कौशल पर ज़्यादा ध्यान दिया जाएगा। इंडिया एआई मिशन सरकार, उद्योग जगत, एकेडेमिया और स्टार्ट-अप्स के बीच साझा कंप्यूटिंग क्षमता बना रहा है और अलग-अलग तरह के एप्लीकेशन को मदद कर रहा है। यह एकीकृत नज़रिया तकनीक की क्षमताओं को मज़बूत कर रहा है, ज़िम्मेदार एआई शासन को संभव बना रहा है और लगातार नवाचार को बढ़ावा दे रहा है।

# एमएसएमई तंत्र को मजबूत करने के लिए सुधारों का अगला चरण

## जीतन राम मांझी



संसद के दोनों सदनों द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 का पारित होना, एमएसएमई के लिए भारत के कानूनी ढांचे को तेज़ी से बदलते तंत्र के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मूल अधिनियम के बाद से पिछले दो दशकों में, लाखों उद्यम औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने हैं और एमएसएमई राष्ट्रीय विकास, निर्यात और रोज़गार सृजन में अहम योगदान देने वाले बन गए हैं। इस संशोधन का उद्देश्य एमएसएमई इकोसिस्टम को ज़्यादा संवेदनशील और भरोसे पर आधारित बनाना है। इससे पंजीकरण आसान होगा, वर्गीकरण बेहतर होगा, ऋण तक पहुंच और समय पर भुगतान आसान होगा, विवादों का निपटारा डिजिटल और तेज़ होगा और नियमों का पालन आसान होगा।

इस संशोधन में उद्यमों के मुफ्त और स्वैच्छिक पंजीकरण के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रावधान किया गया है। इससे कई तरह की बाधाएं दूर होंगी और सरकार को बेहतर तरीके से लाभ पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। अधिनियम के तहत पंजीकरण एक पात्रता है, जिसका दावा कोई भी कंपनी कर सकती है, यह कोई बाध्यता नहीं है।

यह संशोधन संयंत्र, मशीनरी या उपकरणों में निवेश और कारोबार के संयुक्त मानदंडों के आधार पर उद्यमों के वर्गीकरण के लिए एक स्पष्ट फ्रेमवर्क प्रदान करता है। इस वर्गीकरण से फ्रेमवर्क को प्रौद्योगिकी, लागत, बाजार और व्यवसाय मॉडल में आने वाले बदलावों के अनुसार तेज़ी से ढाला सकता है और यह केंद्र सरकार को अधिसूचना के माध्यम से इसकी सीमाओं को निर्धारित करने का अधिकार देता है। ज़्यादातर एमएसएमई के लिए सबसे बड़ी चिंता नियमित नकद प्रवाह की होती है, क्योंकि किसी छोटे उद्यम का एक भी भुगतान न मिलने का व्यापक असर कर्मचारियों के समय पर वेतन, कच्चे माल की खरीद और अगले ऑर्डर को स्वीकार करने पर पड़ता है, जिससे भुगतान में देरी होने से कंपनी के काम करने और आगे बढ़ने की क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए इस संशोधन में इस समस्या को तीन चरणों - रोकथाम, समाधान और कार्यान्वयन के माध्यम से दूर करने की कोशिश की गई है। रोकथाम: यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए 'ट्रेड्स' (टीआरइडीएस) के माध्यम से एमएसएमई से संबंधित रसीद (इनवॉइस) के भुगतान और जानकारी देने को अनिवार्य बनाकर पारदर्शिता लाता है। राज्य सरकारें भी यही नियम अपने राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर लागू कर सकती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होने के नाते, 'ट्रेड्स' एक स्वीकृत इनवॉइस के आधार पर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से तुरंत वित्तपोषण प्राप्त करने की सुविधा देता है। इससे आपूर्तिकर्ता को अग्रिम भुगतान मिल जाता है, जबकि खरीदार तय तिथि पर बैंक या वित्तीय संस्थान को भुगतान चुकता करता है। इस प्रकार, रिसिवेबल्स (मिलने वाली रकम) आपूर्तिकर्ता के लिए लिक्विडिटी का ज़रिया बन जाता है, जिससे कंपनी को अपने कामकाज का प्रबंधन करने, बिलों का भुगतान करने और व्यवसाय को आगे बढ़ाने में आसानी होती है। समाधान: यह इस अधिनियम के विवाद-समाधान फ्रेमवर्क को और अधिक मजबूत करता है। यह राज्य सरकारों को मध्यस्थता और सुलह के लिए अतिरिक्त 'सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषदों' (एमएसइएफसी) की स्थापना करने में सक्षम बनाता है। यह मध्यस्थता और सुलह के लिए समय-सीमा निर्धारित करता है तथा ऑनलाइन विवाद-समाधान को वैधानिक मान्यता प्रदान करता है। इससे मामलों का तेजी से निपटारा होगा और एक ऐसी व्यवस्था तैयार होगी जिससे कंपनी प्रक्रिया और समय-सीमा की निश्चितता के साथ अपने जायज़ दावों को पेश कर सकेगी। कार्यान्वयन: 'सुविधा परिषदों' द्वारा दिए गए निर्णय के तहत मिलने वाली रकम को ज़मीन के लगान की बकाया राशि की तरह वसूला जा सकता है। यदि कोई खरीदार किसी फैसले को अदालत में चुनौती देना चाहता है, तो उसे तय राशि का 75 प्रतिशत अदालत में जमा कराना होगा और यदि वह चुनौती छह महीने तक लंबित रहती है, तो अदालत उस जमा राशि में से आधी राशि आपूर्तिकर्ता को जारी कर सकती है। इस प्रकार, लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजी के कारण जायज दावों को खारिज नहीं किया जा सकेगा और अदालत में बीतने वाला समय अब केवल खरीदार के पक्ष में नहीं होगा। यह संशोधन उद्यमों के लिए अनुपालन के प्रति अधिक संतुलित और विश्वास-आधारित दृष्टिकोण की दिशा में बदलाव को भी दर्शाता है। छोटे-मोटे उल्लंघन के लिए अब पहली बार में केवल चेतावनी दी जाएगी और अपराध दोहराए जाने पर अलग-अलग आर्थिक जुर्माने लगाए जा सकते हैं। नियमों के पालन की प्रक्रिया को ज़्यादा अनुमान लगाने लायक और आसान बनाकर, कंपनियाँ अब अपनी ऊर्जा अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने पर लगा सकती हैं। इससे व्यवसाय करने में सुगमता (ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस) और विश्वास-आधारित शासन को बढ़ावा मिलेगा। आखिर में, यह संशोधन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में विश्वास का एक प्रतीक है, जो उन्हें नवाचार करने, रोज़गार पैदा करने, नए बाज़ारों में प्रवेश करने और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाएगा। एक अधिक मजबूत और गतिशील एमएसएमई क्षेत्र 'विकसित भारत' के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगा।

**( लेखक केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री हैं )**

## भोले की भक्ति में विधायक भावना बोहरा संग दौड़े कांवड़िये

■ 151 किमी की यात्रा के चौथे दिन गौरकांपा से मोहतरा पहुँची कांवड़ यात्रा, क्षेत्र में हुआ भव्य स्वागत



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** माँ नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक विधायक भावना बोहरा और 600 कांवड़ियों की 151 किलोमीटर की पावन कांवड़ पदयात्रा चौथे दिन भी आस्था, भक्ति, अनुशासन और अद्भुत ऊर्जा के साथ निरंतर आगे बढ़ी। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में सैकड़ों शिवभक्तों ने बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष के साथ अपनी यात्रा जारी रखी। चौथे दिन की यात्रा का शुभारंभ गौरकांपा स्थित शनिदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। भगवान शनिदेव के दर्शन एवं पूजन के पश्चात कांवड़ यात्रियों ने मोहतरा की ओर प्रस्थान किया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ी, मार्ग में श्रद्धा और स्वागत का अद्भुत संगम देखने को मिला।

गौरकांपा, भरेवापारा, कलपी, समनापुर बांध, पुतकी, दलपुरवा, रमतला और मोहतरा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, विभिन्न सामाजिक एवं हिंदू संगठनों तथा क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर विधायक भावना बोहरा एवं समस्त कांवड़ यात्रियों का भव्य और आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा। स्वागत के दौरान लोगों में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह और श्रद्धा दिखाई दी। वहीं, 600 से अधिक कांवड़ यात्री विधायक भावना बोहरा के साथ इस पुण्य यात्रा में सहभागी बनकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। बारिश और वनांचल के कठिन रास्तों के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह और आस्था कहीं भी कम नहीं हुई।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक पदयात्रा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कार, संस्कृति, पर्यावरण और प्रदेश की सुख-शांति के संकल्प का आध्यात्मिक अभियान है। हमारा संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली का वास हो, हमारा प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे और हमारी आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आस्था की जड़ों से जुड़ी रहें। माँ नर्मदा और भगवान भोलेनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का यह मेरा एक विनम्र प्रयास है। यात्रा में सैकड़ों कांवड़ यात्रियों और शिवभक्तों का साथ इस संकल्प को और अधिक शक्ति प्रदान कर रहा है। साथ ही, जिन-जिन क्षेत्रों से यात्रा गुजर रही है, वहां सामाजिक एवं हिंदू संगठनों, भाजपा के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा जिस श्रद्धा एवं आत्मीयता से स्वागत किया जा रहा है, वह इस यात्रा के प्रति लोगों की आस्था को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि चौथे दिन भी सभी कांवड़ यात्रियों में वही उत्साह, ऊर्जा और भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा दिखाई दे रही है। कठिन रास्ते और तेज बारिश भी हमारे संकल्प को रोक नहीं सकते। मुझे पूर्ण विश्वास है कि माँ नर्मदा और भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से यह यात्रा अपने पवित्र उद्देश्य को अवश्य प्राप्त करेगी। जैसे-जैसे कदम आगे बढ़ रहें हैं और मंजिल करीब आ रही है हम सभी के अन्दर एक नई उर्जा का संचार हो रहा है। कल पांचवा दिन हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण पढ़ाव है, जब जलेश्वर महादेव ग्राम डोंगरिया में यह कांवड़ यात्रा पहुंचेगी और जलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ व प्रदेशवासियों के खुशहाली एवं समृद्धि के लिए हम सभी प्रार्थना करेंगे। इसके पश्चात यात्रा अपने अंतिम पड़ाव भोरमदेव महादेव मंदिर की ओर यह यात्रा अग्रसर होगी, जहां भगवान भोरमदेव का जलाभिषेक कर इस 151 किलोमीटर की आध्यात्मिक एवं संकल्प यात्रा का विधिवत समापन होगा। माँ नर्मदा के पवित्र जल को लेकर जंगलों, पहाड़ों और दुर्गम पगडंडियों से गुजरती यह यात्रा अब केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति, संस्कृति और जनसहभागिता का जीवंत उत्सव बन चुकी है।

## हरेली अमावस्या पर सृष्टि सेवा संकल्प ने दरबा में रोपे 200 पौधे

■ ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प




**रायपुर (विश्व परिवार)।** हरेली अमावस्या के अवसर पर सृष्टि सेवा संकल्प, रायपुर जिला इकाई द्वारा ग्राम दरबा में वृहद वृक्षारोपण एवं वृक्षापोषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं, बच्चों, पंचायत कमेटी एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही पौधों के नियमित पोषण, सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। संगठन ने पौधारोपण के साथ उनके संरक्षण को भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हुए ग्रामीणों को प्रेरित किया कि पौधे को केवल लगाने तक ही सीमित न रखें, बल्कि उसे वृक्ष बनने तक उसकी निरंतर देखभाल करें। कार्यक्रम में ग्राम दरबा के सरपंच श्री संजय जी टण्डन एवं पंचायत कमेटी के सदस्यों एवं सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री एस. एस. बजाज (सेवा निवृत्त IFS) जी का विशेष सहयोग रहा। वहीं सृष्टि सेवा संकल्प के प्रदेश अध्यक्ष श्री सौरभ जी जैन, प्रदेश मंत्री श्री प्रद्युम जी बेहरा, श्री नवीन जी मोदी सहित संगठन के कार्यकर्ताओं एवं सृष्टिसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को पौधों की नियमित देखभाल, पानी देने एवं उनकी सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं पोषण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। सृष्टि सेवा संकल्प के पदाधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। पौधे को सुरक्षित रखते हुए उसे वृक्ष के रूप में विकसित करना ही वास्तविक पर्यावरण सेवा है। इसी उद्देश्य से संगठन द्वारा वृक्षारोपण के साथ वृक्षापोषण एवं संरक्षण को जनअभियान का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

हरेली अमावस्या के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर 'पौधा लगाएं, वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करें' का संकल्प भी लिया गया।

## मनुष्य के पास सपने होना बहुत अच्छी बात है : सर्वार्थसागर जी महाराज



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** मुनि श्री सर्वार्थसागर जी महाराज जी की परम भक्त मनाली पाटणी ने अवगत कराया की दिल्ली धर्मसभा में संबोधित करते हुये मुनि श्री सर्वार्थसागर जी महाराज जी ने कहा की मनुष्य के पास सपने होना बहुत अच्छी बात है।

सपने नहीं होंगे तो जीवन में दिशा कहाँ से आएगी?

लेकिन एक बात हमेशा याद रखना- सपना कितना बड़ा है, यह महत्वपूर्ण नहीं है; उस सपने को पूरा करने के लिए हमारी तैयारी कितनी बड़ी है, यह महत्वपूर्ण है। आज हर व्यक्ति ऊँचा उठना चाहता है। हर कोई सफल होना चाहता है। हर कोई चाहता है कि लोग उसका नाम लें, उसकी प्रशंसा करें, उसकी पहचान बने। लेकिन हम अक्सर मंजिल तो देख लेते हैं, मगर रास्ता देखने की मेहनत नहीं करते। हमें महल चाहिए, लेकिन नींव कितनी मजबूत है, यह देखने की फुर्सत नहीं। हमें सफलता चाहिए, लेकिन संघर्ष नहीं चाहिए।

हमें सम्मान चाहिए, लेकिन संस्कारों को समय नहीं देना चाहते। हमें धन चाहिए, लेकिन धैर्य नहीं चाहिए। हमें ऊँचाई चाहिए, लेकिन जमीन पर खड़े रहना भूल जाते हैं।

इसीलिए कहा गया है- 'सपनों की ऊँचाई से पहले, हकीकत की जमीन नापना जरूरी है।' सपना देखो, जरूर देखो। लेकिन सपने के साथ अपनी क्षमता भी देखो। आसमान को लक्ष्य बनाओ, लेकिन पैर जमीन पर रखो। क्योंकि जो व्यक्ति जमीन से जुड़ा रहता है, वही ऊँचाई पर जाकर भी गिरने से बचता है।

**-श्री अभिषेक अशोक पाटील**

## अनुशासन से ही व्यक्तित्व बनता है कीमती, स्वभाव सुधारने के लिए करें प्रयास : साध्वी मंजुलाश्रीजी

■ बाल संघपति एवं श्री सम्मेत शिखर भाव यात्रा 16 अगस्त को, 5 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाओं को मिलेगा संघपति बनने का अवसर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत दादाबाड़ी में अध्यात्म सार ग्रंथ का पठन करते हुए गुरुवार को साध्वी मंजुलाश्रीजी म.सा. ने कहा कि स्वभाव को बदलने में समय नहीं लगता, लेकिन स्वभाव को बिगड़ने में भी समय नहीं लगता। इसलिए व्यक्ति को अपने व्यवहार और आदतों के प्रति सजग रहना चाहिए।

साध्वीश्री ने कहा कि जीवन में अनुशासन रखना जरूरी है, लेकिन अनुशासन रखने से पहले स्वयं अनुशासित होना पड़ेगा। जब व्यक्ति अपने जीवन में नियम, संयम और अनुशासन को अपनाता है, तभी उसके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आता है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन को कीमती बनाना है और इसके साथ ही अपने व्यक्तित्व को भी ऐसा बनाना है, जिससे समाज और परिवार में हमारी पहचान अच्छे संस्कारों और व्यवहार के रूप में बने। इसके लिए आत्मचिंतन, संयम और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

इस अवसर पर श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया, कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली, आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 समिति के अध्यक्ष बसंत लोढ़ा, महासचिव मुकेश निमाणी, सह-सचिव अभिषेक गोलछा एवं कोषाध्यक्ष चिंतन मालू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बच्चों को मिलेगा संघपति बनने का अवसर

आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास-2026 के अंतर्गत श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट एवं श्री आत्म उत्क्रांति आध्यात्मिक चातुर्मास समिति की ओर से बाल संघपति एवं श्री सम्मेत शिखर भाव यात्रा का आयोजन 16 अगस्त रविवार को किया जाएगा। यह आयोजन परम पूज्य कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका प्रवर्तिनी महोदया निपुणा श्रीजी म.सा. की सुशिष्या एवं प्रवचन प्रभाविका परम पूज्य मंजुला श्रीजी महाराज साहब की निश्रा में होगा। आयोजन के तहत सुबह 7 बजे श्री ऋषभदेव मंदिर, सदर बाजार से दादाबाड़ी परिसर में निर्मित सम्मेत शिखर की प्रतिकृति तक भव्य चतुर्विध संघ यात्रा निकाली जाएगी।

## भक्तामर और भारतीय चित्रांकन ग्रंथ का विमोचन



**इंदौर (विश्व परिवार)।** श्रमण संस्कृति के सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी स्तोत्र भक्तामर , जो प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की भक्ति स्वरूप 7 वी शताब्दी में आचार्य मानतुंग स्वामी द्वारा रचा गया जिसके अभी तक 200 से अधिक अनुवाद एवं समीक्षा टीकाएँ लिखी जा चुकी है तथा विश्व की लगभग सभी प्रमुख भाषाओं में जिसका अनुवाद हो चुका है।

अत्यंत प्रभावशाली व लोकप्रिय इस स्तोत्र का प्रथम बार एक सनातन संस्कृति में पल्लवित व अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान श्री नर्मदा प्रसाद उपाध्याय द्वारा टीका व अनुवाद लिखा गया। इस महान काव्य रचना का विमोचन आज जैन कालोनी स्थित प्रवचन हाल मे प पू आदिसागर जी महाराज अंकलीकर परंपरा के चतुर्थ पट्टाचार्य एव बहुभाषा विद चर्या शिरोमणि आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंध के सानिध्य मे सम्पन्न हुआ।

इस विमोचन कार्यक्रम मे भारतवर्षीय दिग जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी सर्व श्री टीके वेद, देवेन्द्र सेठी, कैलाश लुहाडिया, तल्लीन बडजात्या, ओम पाटोदी, पवन पाटोदी, सनत गंगवाल, प्रदीप बिलाला, चातुर्मास कमेटी के संयोजक इन्द्र सेठी। गिरिश पाटोदी, सचिन उधोगपति व बडजात्या परिवार व अन्य श्रावक श्रेष्ठी उपस्थित रहे।

ग्रंथ का प्रकाशन श्रमण संस्कृति सेवा न्यास द्वारा व पूण्यार्जक श्री टीके मंजु वेद तथा महेन्द्र जी लुहाडिया रहे। प्रकाशक द्वारा बताया गया कि सभी स्वाध्याय प्रेमियों के लिये ग्रंथ नि:शुल्क उपलब्ध होगा। आज की प्रवचन सभा मे चित्र अनावरण द्वीप प्रज्वलन तथा शास्त्र भेट का लाभ व अवसर भी महासभा पदाधिकारियों को मिला।

## गेम्स, फन से भरपूर रहा ग्रीन डे सेलिब्रेशन

■ श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सोलह श्रृंगार और भक्ति-आराधना का मास सावन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है । इसलिए इस दौरान महिलाएं कुछ विशेष तरीके से इसे सेलिब्रेट कर इसे यादगार बनाना चाहती हैं। ऐसा ही खूबसूरत, मस्ती, गेम्स, डांस और लज़ीज़ व्यंजनों का समावेश रहा ग्रीन डे सेलिब्रेशन में, जिसमे श्री दिगंबर जैन आदिश्वर महिला मंडल, डीडी नगर द्वारा चार चांद लगा दिए ।

डीडी नगर स्थित श्री वासुपूज्य जिनालय में सावन उत्सव के अंतर्गत ग्रीन डे के प्रोग्राम में सीनियर्स से लेकर यंगस्टर्स ने हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ भरपूर एंजॉय किया। एक ओर पारंपरिक नृत्यों पर सभी झूम रहे थे तो वहीं रोचक गेम्स में अपने हुनर को बखूबी दिखा रहे थे।

जिसमें महिला मंडल की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर सावन क्वीन प्रतियोगिता, मजेदार गेम्स, हाउजी सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही सभी सदस्यों ने मिलकर अपने हाथों से तैयार किए हुए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों को एक दूसरे को खिलाकर पार्टी का भी आनंद लिया।

ग्रीन डे की स्पेशल थीम के अनुरूप सभी महिलाएं हरे रंग की पोशाकों के साथ सोलह श्रृंगार धारण कर मनमोहक अंदाज़ में कार्यक्रम में शामिल हुई । जिसमे सावन क्वीन के लिए चार राउंड में ख़ास प्रतियोगिता आयोजित की गई । वहीं कहीं तरह के रोचक खेलों में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया।

उत्साहपूर्ण सहभागिता तथा सहयोग से सावन उत्सव एवं ग्रीन डे का यह आयोजन हंसी-खुशी, मनोरंजन और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।

## ठेठवार यादव समाज महासभा भाटापारा की त्रैमासिक बैठक सपन्न



**बलौदा बाजार (विश्व परिवार)।** आयोजित बैठक में समाजिक एकता, एकरूपता,लाने तथा समाज में शिक्षा पर बल देने हेतु शिक्षा समिति का गठन कर संयोजक पद पर कृष्ण कुमार यादव का मनोनयन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से महासभा के पदाधिकारीगण, आठो राज के अध्यक्षगण कैलाश यादव अध्यक्ष तरेंगाराज, नारायण यादव अध्यक्ष लवनराज, तुमेश यादव समाजप्रमुख बरतोरीराज, हरीश यादव अध्यक्ष रीवांराज, अमरसिंह यदु समाज प्रमुख छोटेखल्लारीराज, धर्मेंद्र यादव अध्यक्ष धनियाराज, रामेश्वर यादव अध्यक्ष परसियाराज, हरिशंकर यादव अध्यक्ष केंदाराज, तथा संरक्षक श्री रमेश यदु, परमेश्वर यदु, महासचिव गंगाप्रसाद यदु, कोषाध्यक्ष बोधन यादव, कृष्ण कुमार यादव, टेकराम यदु, श्रीकुमार यादव, मुरली यादव, संतोष यादव, सुकदेव यदु, जवाहर यादव, सुरेश यदु, अशोक यादव, उपस्थित रहे। बैठक को परमेश्वर यदु, रमेश यदु, एवं पुहूप राम यदु ने संबोधित किया। बैठक का संचालन गंगाप्रसाद यदु ने किया, आभार प्रदर्शन नारायण यादव अध्यक्ष लवनराज द्वारा किया गया।

## आचार्य समय सागर महाराज की वर्षा योग साधना में मुनि संघ, ब्रह्मचारी भइया बहनों, प्रतिमाधारी व्रतियों को संबोधन



**भोपाल (विश्व परिवार)।** निर्माणाधीन विधोदय तीर्थ परिसर देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा भक्ति का केंद्र बना हुआ है, आचार्य समय सागर महाराज की सा संघ वर्षा योग मे तप त्याग संयम की साधना चल रही है, सुबह से आध्यात्मिक क्रियाओं के साथ संघ की साधना शुरू हो जाती हे, प्रतिदिन आचार्य श्री का जैन दर्शन जैन सिद्धांत के साथ विशेष मार्गदर्शन मुनि संघ , ब्रह्मचारी भइया बहनों के साथ प्रतिमाधारी वृत्तियों को मिल रहा है, आचार्य श्री ने कहा साधना की शुरुआत सांसारिक संकल्प विकल्पों को दूर कर होती हे, स्वयं को स्वयं में स्थिर करना साधना हे, सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र ही मोक्ष का सोपान हे, संकल्प विकल्प ही केवल्य ज्ञान में बाधक हे,, आगम का आलंबन लिए बिना श्रमण की साधना अनुकूल नहीं हो पाती आचार्य श्री ने कहा लिखित आगम जैन सिद्धांत का मूल हे, शब्द का उच्चारण संवेदना में वाहक हे, बाहर से आए अनेक व्रतियों का बहुमान अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी मनोज बांगा राकेश ओ एस डी द्वारा किया गया, प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया मुख्य चातुर्मास कलश स्थापित करने वाले सौभाग्य शाली परिवार क्रमश: प्रथम देवेन्द्र रुचि पदम जैन घर घर .मनोज जैन कोयला पकंज सुपारी मनोज बांगा पवन सुपर ऋषभ मनीष प्रगति के साथ गुप्त पुण्यअर्जक परिवार प्रतिदिन आचार्य संघ के सानिध्य में पूजा अर्चना अनुष्ठान में साक्षी बनते हे,, आयोजन समिति के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया 15 अगस्त को विशेष प्रवचन होंगे जिसमें राष्ट्र के प्रति दायित्वों के निर्वहन के लिए सामूहिक संकल्प आजादी की कीमत भारत के विकास में विशेष भूमिका को निभाने आचार्य श्री का आशीष वचन होगा।

**- अंशुल जैन**

## चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में विधायक मोतीलाल साहू ने छत्तीसगढ़ की समृद्धि हेतु की पूजा अर्चना

■ चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप की धूम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप हेतु मूर्ति , अखण्ड ज्योत व कलश स्थापना के साथ गुरुभक्ति आरम्भ हुई। आज रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू दादागुरुदेव इक्तिसा जाप में सम्मिलित हुए ।विधायक श्री साहू ने दादागुरुदेव की आरती करते हुए छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा । साहू जी ने इस अवसर पर भैरव सोसायटी के समग्र विकास की भावना व्यक्त की । इस अवसर पर क्षेत्र की पार्षद श्रीमती अंजली जितेन्द्र गोलछा विशेष रूप से उपस्थित हुई । मोतीलाल साहू के साथ संतोष बैद महेन्द्र कोचर राजेश गोलछा , जितेन्द्र गोलछा ने भी आरती में भाग लिया । इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा श्री साहू का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि श्री गुरु देव दयाल को मन में ध्यान लगाय , अष्ट सिद्धि नव निधि मिले मन वांछित फल पाय , पंक्तियों से आरम्भ इक्तिसा जाप में श्रद्धालु गुरुभक्ति में सरोबोर हो जाते हैं। प्रतिदिन 11 लाभार्थी परिवारों द्वारा सैकड़ों गुरुभक्तों के साथ चारों दादागुरुदेव की संगमरमर की छत्री के सम्मुख संगीतमय इक्तिसा जाप लगातार 60 मिनट तक किया जाता है। इक्तिसा जाप के साथ प्रतिदिन प्रभु भक्ति के भजन नए गायकों द्वारा प्रस्तुत किये जाते हैं । प्रतिदिन लक्की ड्रा के माध्यम से पांच श्रद्धालुओं को पुरस्कृत किया जाता है । दादागुरुदेव इक्तिसा जाप गायक गायिका निर्मल पारख, विवेक बैद, हुकुमचंद बैद , अवधेश, दिप्ती बैद, पूनम बरमट द्वारा अलग अलग रागों में सामुहिक गाया जाता है । इक्तिसा जाप में पदम गोलछा, राकेश चोपड़ा, विवेक बैद, प्रसन्न चोपड़ा, ट्रस्टी निलेश गोलछा, निकेश बरड़िया, डॉ योगेश बंगानी, संतोष झाबक, राजेन्द्र रांका, श्रीमती मंजू कोठारी, सरला बैद, राधिका सेठिया, सुशीला देवी , मधु पारख, सूरज झाबक , मयूरी गोलछा की सक्रिय उपस्थित है।

## राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला, शेर होकर भी आप गीदड़ का जीवन यापन कर रहे हो

■ नौकरी कर सेवक वन मालिक के हर आदेश का पालन करना होता है।



**राघौगढ़ (विश्व परिवार)।** धर्मनगरी राघौगढ़ में ससंघ चातुर्मास कर रहे महा तपस्वी, औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रमण धारा प्रवचन माला में आज प्रवचन करते हुए कहा आप शेर हो मगर आपको यह ज्ञान नहीं है कि मैं शेर हूं। आपने कहा भूख लगने पर कुत्ता तो गंदगी भी खा लेता है। मगर शेर भूख लगने पर गंदगी नहीं खाता और शेर स्वयं शिकार कर ही भोजन करता है। आगे कहा आप अपने घर से भगाने के लिए कुत्ता को डंडा दिखाते हैं तो कुत्ता डंडे को पकड़ता है। जबकि शेर उसे जो डंडा मार रहा है उस पर वार करता है। मुनिराज ने वर्तमान में अच्छी पढ़ाई कर नौकरी कर सेवक बनने की प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए कहा अपने बच्चों को सेवक ना बनाएं उन्हें स्वयं का व्यापार करने प्रेरित करें।

रामायण कालीन उदाहरण देते हुए मुनिराज ने कहा जब रामचंद्र जी के आदेश पर सेनापति कृतांत वक्र सीता जी को वन में छोड़ने गया। उस समय सेनापति कृतांत वक्र ने सीता जी से कहा मेरी यह मजबूरी है कि मैं सेवक हूं। सेवक को मलिक के हर आदेश का पालन करना पड़ता है।

सज्जन व्यक्ति कभी गलत कार्य का समर्थन नहीं करता। सेवक को मालिक की आज्ञा में गलत कार्य करना पड़ता है। आपने दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रवचनों के अंश का उल्लेख करते हुए कहा राजा रामचंद्र जी ने एवं गुरु द्रोणाचार्य ने पद पर रहकर न्याय में कमी कर दी। रामचंद्र जी को पता था सीता पतिवृता है फिर भी वनवास दिया। लोक अपवाद में और दूसरी सजा भी दे सकते थे। गुरु द्रोणाचार्य में एकलव्य को गुरु दक्षिणा में अंगूठा मांग कर न्याय नहीं किया। जबकि एकलव्य में अर्जुन से ज्यादा गुरु भक्त थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 51 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना

**कोण्डागांव।** रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत कोण्डागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए मंगलवार की रात रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के दल को कोण्डागांव नगर के अंबेडकर चौक से रात्रि 9 बजे नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं मनोज जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को सुखद, मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपसंचालक पंचायत बलराम मोरे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रामलला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को अयोध्या धाम की यात्रा कर भगवान श्रीराम मंदिर के दर्शन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं आध्यात्मिक यात्रा का लाभ मिल रहा है।

### करंजी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर और साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोंडागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजी में विधिक साक्षरता शिविर एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अधिकार मित्र तरुणा ध्रुव ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता और विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गरीब, वंचित, महिलाओं और बच्चों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ह्रस्र) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए 15100 हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई।

**बच्चों और महिलाओं से जुड़े कानूनों की जानकारी-** शिविर में विद्यार्थियों को POCSO एक्ट, मानव तस्करी की रोकथाम, महिला सशक्तिकरण से जुड़े कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित बच्चों एवं महिलाओं के अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। इसके साथ ही FIR यानी प्रथम सूचना रिपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता तथा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जमीन विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, ऋण सहित राजीनामा योग्य प्रकरणों के आपसी समझौते से निपटारे की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई।

**साइबर अपराधों से बचाव के बताए उपाय-** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सावधानियां बताई गईं। उन्हें सलाह दी गई कि अनजान कॉल, लॉटरी या फाइनेंस कंपनी के नाम पर किए जाने वाले संदिग्ध प्रचार-प्रसार और अनजान लिंक के झांसे में न आएं। साथ ही किसी भी व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड, OTP अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की अपील की गई। साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। वहीं किसी कानूनी सहायता या सलाह की आवश्यकता होने पर 15100 हेल्पलाइन अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अधिकार मित्र तरुणा ध्रुव एवं पूर्णिमा भंडारी, विद्यालय की प्राचार्य, समस्त स्कूल स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले गांधी प्रतिमा तीन टुकड़ों में, कोपरा में मचा हड़कंप

### बरगद की शाखाओं की छंटाई के दौरान हादसा; नगरवासियों ने जांच और जिम्मेदारी तय करने की उठाई मांग




**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** स्वतंत्रता दिवस से ठीक दो दिन पहले नगर पंचायत कोपरा के गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तीन टुकड़ों में टूटकर बिखर गई। घटना की जानकारी सामने आते ही पूरे नगर में मायूसी और नाराजगी का माहौल बन गया। जिस गांधी चौक पर हर राष्ट्रीय पर्व पर श्रद्धा के साथ माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता को नमन किया जाता है, वहीं प्रतिमा के इस तरह क्षतिग्रस्त होने से नगरवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं।

बताया जा रहा है कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर गांधी चौक के आसपास साफ-सफाई और अन्य तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान बरगद के पेड़ की बढ़ी हुई शाखाओं की छंटाई का कार्य किया जा रहा था। इस कार्य में नगर पंचायत कोपरा और बिजली विभाग कोपरा के कर्मचारी मौजूद थे। इसी दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होकर तीन टुकड़ों में टूट गई।

घटना के बाद नगरवासियों ने कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि पेड़ की शाखाओं की छंटाई अथवा विद्युत लाइन से संबंधित कार्य के दौरान आसपास मौजूद महत्वपूर्ण स्मारकों और प्रतिमाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए था। पर्याप्त सावधानी और संसाधनों के अभाव में यह हादसा हुआ या किसी अन्य कारण से प्रतिमा क्षतिग्रस्त हुई, इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

नगरवासियों ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि प्रतिमा किन परिस्थितियों में टूटी और कार्य के दौरान सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए थे। साथ ही जिम्मेदारी तय कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में सीएमओ श्याम लाल वर्मा ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हुआ और गांधी जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई।

वहीं विद्युत विभाग के एई धर्मेंद्र साहू ने अलग जानकारी देते हुए बताया कि लाइन शिफ्टिंग के कार्य के लिए कोई आदेश जारी नहीं हुआ था। उन्होंने गांधी जी की प्रतिमा खंडित होने की जानकारी होने से भी इनकार किया है। अधिकारियों के बयानों में सामने आए इस अंतर के बाद मामले की स्थिति और जिम्मेदारी को लेकर सवाल और गहरा गए हैं।

गांधी चौक की प्रतिमा नगर की पहचान और राष्ट्रीय भावना से जुड़ी रही है। स्वतंत्रता दिवस समेत विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों पर यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नगरवासियों द्वारा माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी जाती है। ऐसे समय में प्रतिमा का तीन टुकड़ों में टूट जाना नगरवासियों के लिए बेहद दुखद है।

लोगों की मांग है कि स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए प्रशासन तत्काल पहल करे और क्षतिग्रस्त प्रतिमा के पुनर्निर्माण अथवा नई प्रतिमा की सम्मानपूर्वक स्थापना की व्यवस्था सुनिश्चित करे। नगरवासियों का कहना है कि गांधी जी की प्रतिमा केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन, अहिंसा और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

फिलहाल घटना के बाद नगर पंचायत और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले हुई इस घटना ने कोपरा नगर में चर्चा और नाराजगी बढ़ा दी है। अब नगरवासियों की नजर प्रशासन की जांच और आगामी कार्रवाई पर टिकी है। लोगों को उम्मीद है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जाएगी और गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को जल्द सम्मानपूर्वक पुनः स्थापित किया जाएगा।

## बंद कमरे में जिंदगी से जूझ रहा था युवक, डायल 112 ने समय पर पहुंचकर बचाई जान



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिला पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के सख्त निर्देश और गरियाबंद पुलिस की त्वरित कार्यप्रणाली ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। डाक बंगला शनि देव मंदिर के पीछे एक बंद कमरे में एक व्यक्ति के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर उसकी जान बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई की।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। कमरे की स्थिति बेहद संवेदनशील थी। पुलिस कर्मियों ने स्थानीय मोहल्लेवासियों को विश्वास में लेकर उनका सहयोग लिया और बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। कमरे के भीतर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। समय की नजाकत को समझते हुए डायल 112 की टीम ने बिना एक पल गंवाए उसे आपातकालीन वाहन में शिफ्ट किया और तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों की विशेष निगरानी में उसका उपचार जारी है। पुलिस टीम की तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता के चलते समय रहते अचेत व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा मिल सकी।

गरियाबंद पुलिस की इस त्वरित और मानवीय कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है। घटना ने एक बार फिर साबित किया कि संकट की घड़ी में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया किसी के लिए जीवन और मृत्यु के बीच की अहम कड़ी बन सकती है।

## अक्षय विधानी, निखिल आडवाणी और अश्विनी अय्यर तिवारी स्क्रीन अकादमी से जुड़े

इस साल की शुरुआत में आयोजित चेतक स्क्रीन अवॉर्ड्स की अभूतपूर्व सफलता के बाद, स्क्रीन अकादमी ने फिल्म उद्योग की कुछ प्रमुख हस्तियों को साथ लाने का सिलसिला जारी रखा है। निर्माता और अभिनेता आमिर खान और जॉन अब्राहम, कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु और निर्देशक आर.एस. प्रसन्ना सहित कई दिग्गज स्क्रीन स्कॉलर्स के लिए मास्टरक्लास आयोजित कर चुके हैं। अब स्क्रीन अकादमी ने अपने नए सदस्यों की घोषणा की है। नए सदस्यों में यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी, जंगली पिक्चर्स की सीईओ अमृता पांडे, निर्देशक एवं निर्माता निखिल आडवाणी, हरमन बावेजा और मधुर भंडारकर, निर्देशक एवं अभिनेता आनंद तिवारी, संगीतकार अंकुर तिवारी, निर्देशक एवं पटकथा लेखिका अश्विनी अय्यर तिवारी और पटकथा लेखिका भवानी अय्यर शामिल हैं। आने वाले दिनों में और भी सदस्यों को अकादमी में शामिल किया जाएगा। नए सदस्य भारतीय सिनेमा की दिशा, निर्माण, अभिनय, लेखन, सिनेमैटोग्राफी, डिजाइन, संगीत और फिल्म निर्माण से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण विधाओं के सबसे अनुभवी और प्रभावशाली लोगों के पैनल का हिस्सा होंगे। स्क्रीन अकादमी की सीओओ प्रियंका सिन्हा झा ने एक बयान में कहा, स्क्रीन अकादमी के साथ हमारा उद्देश्य हमेशा सिनेमा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना रहा है और इस वर्ष हमें इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करने पर गर्व है। सुपरस्टार आमिर खान, अभिनेता-निर्माता जॉन अब्राहम, निर्देशक आर.एस. प्रसन्ना और कॉस्ट्यूम डिजाइनर मैक्सिमा बसु जैसे उद्योग विशेषज्ञों के साथ मास्टरक्लास के जरिए तथा शोले, तिघी, सबर बोंडा, बैड गर्ल और ह्यूमन्स इन द लूप जैसी अलग-अलग फिल्मों पर फिल्म क्लब चर्चाओं के माध्यम से हम स्क्रीन फेलोज़ (छात्रों) को फिल्म निर्माण की कला की अधिक समृद्ध और गहन समझ विकसित करने में मदद कर रहे हैं।

## यूटीआई मिड कैप फंड: बाजार की संभावनाओं के मुख्य केंद्र (स्वीट स्पॉट) का लाभ उठाएं

जैविक जीवन चक्र से अलग, कंपनियां भी कारोबार के दौरान विकास और स्थिरता के दौर से गुजरती हैं। मिड कैप कंपनियां कारोबार के उस सामान्य जीवन चक्र के चरण में आती हैं, जहां वे छोटी कंपनियों की शुरुआती चुनौतियों, जैसे शुरुआती पूंजी जुटाना और विकास के शुरुआती दौर की मुश्किलों से सफलतापूर्वक निपट चुकी होती हैं। इसके साथ ही, इन कंपनियों में नेतृत्व की स्थिति बनाए रखने और अपने कारोबार के लिए मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त कायम रखने की क्षमता होती है। ये इतनी बड़ी भी नहीं होतीं कि तेजी से बढ़ने की उनकी क्षमता सीमित हो जाए। इसलिए मिड कैप कंपनियां तेजी से बढ़ने वाले छोटे कारोबारों और अच्छी तरह स्थापित बड़ी कंपनियों के बीच एक आकर्षक संतुलन यानी 'स्वीट स्पॉट' उपलब्ध करा सकती हैं। मिडकैप शेयर, लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों के बीच आते हैं और आमतौर पर कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन (बाजार पूंजीकरण) के आधार पर तय किए जाते हैं। SEBI की परिभाषा के अनुसार, फुल मार्केट कैपिटलाइजेशन में 101वें से 250वें स्थान पर आने वाली कंपनियां मिड कैप शेयर कहलाती हैं। मिडकैप फंड मुख्य रूप से अपने कुल फंड का कम से कम 65त्न हिस्सा मिड कैप कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी से जुड़े साधनों में निवेश करता है। मिडकैप कंपनियों में निवेश करने वाले फंड निवेशकों को मध्यम आकार के व्यवसायों की ग्रोथ स्टोरी का लाभ उठाने का अवसर देते हैं। हालांकि, निवेशकों को इनके अंतर्निहित जोखिमों का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि मिडकैप फंडों में जोखिम और रिटर्न दोनों की संभावनाएं वेल-डायवर्सिफाइड ग्रोथ फंडों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक होती हैं।


## कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद छ.ग.

Fax-07749-223915 Email-id actwd.balod@gmail.com

!! द्वितीय निविदा आमंत्रण !!

क्रमांक / 613/आ.जा.क./ डी.एम.एफ./2026-27 बालोद, दिनांक 11/08/2026

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची दर पुस्तिका छ०ग० शासन रायपुर दिनांक 20.04.2026 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है। एस.ओ.आर पद्धति के तहत पंजीकृत डाक (ए.डी.) स्पीड पोस्ट के माध्यम से वर्ष 2025-26 में जिले के पो./प्री.मै.अ.जा./अनु.जन.जा./अन्य.पि.वर्ग कन्या/बालक छात्रावास / आश्रमों में आल इन वन स्ट्रीट लाईट के लिये ई प्रोक्यूरमेंट खुली निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | छात्रावास / आश्रम का नाम | प्रति ईकाई लागत राशि | कार्य की प्रशासकीय स्वीकृत राशि (रूपये में) | प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पो.मै.आदि. / अनु.जाति/अपिव बालक/कन्या छात्रा.बालोद, दल्ली राजहरा, डौंडीलोहारा, डौण्डी, मंगचुवा | 65000 | 650000 | 10000 |
| 2 | प्री.मै. सूरज / नेहरू/आदि./अनु.जाति बालक / कन्या छात्रा. डौण्डी, बालोद, अमलीडीह, बरही, दल्ली राजहरा, चिखलाकसा, बेलोदा, गुदुम, भर्रीटोला, सुरडोंगर, आमाडुला, मंगलतराई, नर्राटोला, बिटाल, भैंसबोड़, कुसुमकसा, घोटिया, बड़गांव, रेंगाडबरी, अरजपुरी, भंवरमरा, बंजारी, कमकापार, मंगचुवा, बड़भूम, मरदेल, कोटागांव, साल्हे, दुधली | 65000 | 2600000 | 40000 |
| 3 | क्रीड़ा परिसर डौण्डी | 65000 | 65000 | 1000 |
| 4 | आदि. बालक / कन्या आश्रम अमलीडीह, आमाडुला, कोडेकसा, हितापठार, लुरकाझर, दुर्गीटोला, रायगढ़, बड़भूम, कुसमकसा, बड़ेजुर्गेरा, कोड़ेकसा, डौण्डी, घोटिया | 65000 | 845000 | 13000 |
| | योग | | 5070000 | 64000 |

| | |
|---|---|
| ई-निविदा प्रारंभ तिथि | 03.08.2026 |
| निविदा की अंतिम तिथि | 18.08.2026 (5:00 बजे तक) |
| ऑनलाईन द्वारा जमा की गई निविदा प्रपत्र की कीमत एवं अमानत राशि का छायाप्रति एवं सत्यनिष्ठा का मूल प्रति स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड / कोरियर से इस कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 21.08.2026 (5:00 बजे तक) |
| ऑनलाईन द्वारा जमा की गई निविदा प्रपत्र की कीमत एवं अमानत राशि का छायाप्रति एवं सत्यनिष्ठा का मूल प्रति स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड / कोरियर से इस कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 24.08.2026 (12:00 बजे से) |
| निविदा खोलने की तिथि | 24.08.2026 (12:00 बजे से) |

नोटः-
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 02 माह।
2. प्रति कार्यों में ठेकेदार की श्रेणी 'डी' क्लास या उससे ऊपर।

टीपः - संस्थाओं की सूची, निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास बालोद

G- 262702752/2


## सेल्सफोर्स और त्रिपुरा सरकार ने 10,000+ लर्नर्स को स्किल प्रदान करने और डिजिटल वर्कफोर्स रेडीनेस बढ़ाने के लिए पार्टनरशिप की

**बैंगलुरू।** - आज नंबर 1 एजेंटिक सी.आर.एम, सेल्सफोर्स और डायरेक्टोरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (डी.आई.टी), त्रिपुरा सरकार के बीच साझेदारी की शुरुआत हुई है, जिसके अंतर्गत राज्य में डिजिटल स्किल्स की उपलब्धता और वर्कफोर्स रेडीनेस बढ़ाई जाएगी। इस सहयोग की घोषणा अगरतला में डेस्टिनेशन त्रिपुरा बिजनेस कॉन्क्लेव 2026 में की गई। यह अभियान सेल्सफोर्स के ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म, ट्रेलहेड के माध्यम से त्रिपुरा में बड़े स्तर पर डिजिटल परिवर्तन लाने तथा स्टूडेंट्स, युवाओं, सरकारी कर्मचारियों और एंटरप्रेन्योर्स को ए.आई-संचालित अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करने में मदद करेगा। इस अभियान का उद्देश्य 2027 तक 10,000 से अधिक लर्नर्स को तैयार करना है। लोक सेवाओं, कार्यस्थलों और व्यवसायों में ए.आई की भूमिका बढ़ रही है, इसलिए यह पार्टनरशिप लर्नर्स को ऐसी प्रैक्टिकल डिजिटल और टेक्नोलॉजी स्किल्स प्रदान करने के लिए की गई है, जो धीरे-धीरे काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही हैं। यह कोर्स बिगनर्स और इंटरमीडिएट लर्नर्स को अपनी गति से सीखने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यह लर्नर्स को सी.आर.एम, बिजनेस एनालिसिस, टेक्नोलॉजी फंडामेंटल आदि के लिए गाईडेड लर्निंग प्रदान करता है। सेल्सफोर्स लर्नर्स को इस प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ने और लर्निंग के पूरे सफर में सहयोग प्रदान करने के लिए ऑनलाईन ओरिएंटेशन रिसोर्स भी उपलब्ध कराएगा। डायरेक्टोरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और स्किल डेवलपमेंट एजेंसियों से प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें नियुक्त करेगा तथा राज्य में इस प्रोग्राम की उपलब्धता व जागरुकता बढ़ाएगा। यह सहयोग डिजिटल गवर्नेंस, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप में त्रिपुरा द्वारा किए जा रहे लगातार निवेश का हिस्सा है। यह राज्य अगरतला में एक समर्पित त्रिपुरा आईटी एवं डेटा ईकोसिस्टम जोन (टी.आई.डी.ई.जैड) का विकास कर रहा है और एक योजनाबद्ध आईटी पार्क एवं ए.आई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस भी तैयार कर रहा है। साथ ही, लोक प्रशासन में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। राज्य में ई-ऑफिस पहल का विस्तार राज्य के सचिवालयों से लेकर पंचायती राज सिस्टम के तीनों स्तरों तक केवल एक साल में कर दिया गया, जो भारत में सबसे तेजी से हुए क्रियान्वयनों में से एक है। इस डिजिटल बुनियाद के साथ आसानी से उपलब्ध और उद्योग के लिए जरूरी लर्निंग को शामिल करके सेल्सफोर्स और त्रिपुरा सरकार का उद्देश्य और ज्यादा लोगों को स्किल व आत्मविश्वास प्रदान करना है, ताकि वो राज्य की विकसित होती हुई अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सकें। श्री किरन गिट्टे, आई.ए.एस, सेक्रेटरी, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, त्रिपुरा सरकार ने कहा, ''सेल्सफोर्स के साथ हमारी पार्टनरशिप त्रिपुरा के डिजिटलाईजेशन के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पॉलिसी की मजबूत बुनियाद के साथ यह पार्टनरशिप हमारे स्टूडेंट्स, सरकारी कर्मचारियों और एंटरप्रेन्योर्स को भविष्य की डिजिटल स्किल प्रदान करेगी तथा इनोवेशन और समावेशी विकास लेकर आएगी। हम एक आत्मनिर्भर आई.टी ईकोसिस्टम बनाने और त्रिपुरा के कर्मचारियों को अपनी पूरी क्षमता के विकास में मदद करने के लिए ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर, सेल्सफोर्स के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

# कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने छात्रों को दिया 'सहकार से रोजगार' का मंत्र

- सहकारिता से युवाओं को रोजगार के अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने विद्यार्थियों को 'सहकार से रोजगार' का मंत्र दिया। कृषि महाविद्यालय रायपुर के सेमिनार हॉल में भारतीय श्रम समिति नई दिल्ली, भारतीय गुणवत्ता परिषद एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्याशाला में श्री नेताम ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधियों का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का प्रभावी रास्ता भी है। कृषि मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को केवल नौकरी की तलाश करने के बजाय रोजगार सृजक बनने की दिशा में भी सोचने की आवश्यकता है। सहकारी संस्थाओं के माध्यम से युवा मिलकर संसाधनों, तकनीक और बाजार का बेहतर उपयोग कर छोटे और मध्यम स्तर के उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि, दुग्ध उत्पादन, लघु वनोपज, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र सहित अनेक क्षेत्रों में सहकारिता के माध्यम से रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। युवाओं की प्रतिभा, तकनीकी ज्ञान और नवाचार को सहकारिता से जोड़कर स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति दी जा सकती है। छत्तीसगढ़ में सहकारी क्षेत्र में गठित महिला स्व-सहायता समूह तथा किसान उत्पादक संगठन इस दिशा में प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। कृषि मंत्री ने छात्रों से आह्वान किया कि वे सहकारिता की भावना को समझें, टीम के रूप में कार्य करें और स्थानीय संसाधनों को स्थानीय रोजगार में बदलने का प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की।

युवाओं को सहकारिता के माध्यम से रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने हेतु आयोजित इस एक दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला में भारतीय श्रम समिति, नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री लखन लाल साहू, जिला सहकारी बैंक, रायपुर के अध्यक्ष श्री निरंजन सिन्हा, राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष श्री सौरभ शर्मा, जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह एवं सहकारी संघ नई दिल्ली के संचालक सदस्य श्री शिव श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सहकारिता से संबंधित विभिन्न संस्थाओं के भी पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सहकारिता, रोजगार और उद्यमिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया। कृषि महाविद्यालय रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टूटेजा, विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बैंक- बीमा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 60वीं बैठक संपन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) रायपुर की 60वीं बैठक का आयोजन संयोजक कार्यालय सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय रायपुर द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री राकेश भूतड़ा, अंचल प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक ने की। साथ ही भारतीय रिज़र्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी श्री मनीष पराशर, नाबार्ड छ.ग. क्षेत्रीय कार्यालय से मुख्य महाप्रबंधक श्री दि. क. गवली, पंजाब नैशनल बैंक से अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री महेश वधवा एवं भारतीय जीवन बीमा निगम मंडल कार्यालय रायपुर से वरिष्ठ मंडल प्रबंधक श्री संजीव कुमार मालवी मंचासीन अतिथियों के रूप में उपस्थित रहें। बैठक में रायपुर नगर स्थित केंद्र सरकार के विभिन्न बैंकों एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन, प्रगामी प्रयोग तथा राजभाषा संबंधी निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करना था। बैठक में संबंधित कार्यालयों द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों, राजभाषा नीति के अनुपालन तथा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।

बैठक में कुल 24 सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहें। सभी संस्थान प्रमुखों द्वारा कार्यालय में चल रहे राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन की प्रगति पर विचार व्यक्त किए गए। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि राजभाषा हिंदी केवल कार्यालयीन कार्य की भाषा ही नहीं, बल्कि जनसंपर्क और जनसेवा को अधिक सहज एवं प्रभावी बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के साथ-साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें।

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा शील्ड एवं प्रमाणपत्र ग्रहण किया गया। साथ ही सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रकाशित ई- पत्रिकाओं हेतु राजभाषा अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

# 14 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने किया सम्मानित

- जुलाई 2026 में उत्कृष्ट टिकट चेकिंग प्रदर्शन किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में टिकट चेकिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के उत्साहवर्धन एवं उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना के उद्देश्य से आज मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर श्री दयानंद द्वारा जुलाई 2026 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टिकट चेकिंग कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र (Certificates of Appreciation) प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ सुस्कर विपुल विलासराव, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अविनाश कुमार आनंद सहित सम्बंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके समर्पण एवं कार्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई। यह पहल टिकट चेकिंग स्टाफके मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आगामी महीनों में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे प्रभावी टिकट जांच कार्य से न केवल रेल राजस्व में वृद्धि होती है, बल्कि यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने के लिए भी प्रोत्साहन मिलता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने से अन्य कर्मचारियों में भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं बेहतर प्रदर्शन की भावना को बढ़ावा मिलेगा। जुलाई 2026 माह में रायपुर रेल मंडल के स्टेशन टिकट चेकिंग, लाइन टिकट चेकिंग एवं रायपुर एवं दुर्ग स्क्वाड चेकिंग श्रेणियों के अंतर्गत सर्वाधिक टिकट चेकिंग आय अर्जित करने वाले प्रत्येक श्रेणी के शीर्ष पांच-पांच कर्मचारियों कुल 14 टिकट चेकिंग स्टाफ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। टिकट चेकिंग लाइन स्टाफ में सर्वाधिक आय अर्जित करने के लिए- बी. एल. कैवर्त्य, टीटीई/ रायपुर, श्याम लाल, टीटीई/ रायपुर, देवरत मल, सीटीआई/ रायपुर, रवि के. महिलांग, टीटीई/ रायपुर, श्री एम. के. एस. पोर्टे, टीटीई/ दुर्ग सम्मानित हुए।

स्टेशन टिकट चेकिंग में सर्वाधिक आय अर्जित करने के लिए - श्री निरंजन कुमार, सीसीटीसी/ रायपुर, श्री के. सिमोन, सीसीटीसी/ दुर्ग, श्री त्रिलोकमणि सिन्हा, सीसीटीसी/ दुर्ग, श्री अजीत कुमार, सीसीटीसी/ रायपुर सम्मानित हुए। रायपुर एवं दुर्ग स्क्वाड में सर्वाधिक आय अर्जित करने के लिए - श्री वाई. सुधाकर राव, सीनियर टीई/ रायपुर, श्रीमती शिप्रा घोष, टीटीई /दुर्ग, श्रीमती आर. डी. बर्मन, टीटीई /दुर्ग, श्रीमती आकांक्षा टिट्टी, टीटीई /दुर्ग, श्रीमती पी. राम बाई, टीटीई /दुर्ग सम्मानित हुए।

# सिद्धबाबा गेट रेलवे फाटक अस्थायी रूप से बंद रहेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल अंतर्गत भाटापारा एवं हथबंद रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित रेलवे समपार फाटक क्रमांक 385 (कि.मी. 766/14-16), जिसे सिद्धबाबा गेट के नाम से जाना जाता है, पर मिडिल लाइन में अत्यावश्यक मरम्मत कार्य किया जाना है। इस कार्य के कारण उक्त समपार फाटक पर दिनांक 17 अगस्त, 2026 (सोमवार) प्रात: 09:00 बजे से दिनांक 20 अगस्त, 2026 (गुरुवार) सायं 06:00 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन पूर्णत: बंद रहेगा।

# अर्धसैनिक बल की टुकड़ी के साथ विधायक व आयुक्त ने दिया देश भक्ति का संदेश



**रिसाली ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रव्यापी तिरंगा अभियान का आयोजन गुरूवार को नगर पालिक निगम रिसाली ने किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक और रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बीएसएफ के जवानों के साथ हांथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति का संदेश दिया। इस दौरान आम नागरिकों से अपील की गई कि स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में तिरंगा अवश्वय फ्हरायें।

तिरंगा यात्रा की शुरूआत दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर से किया गया। रैली की शक्ल में यात्रा परशुराम चौक होते हुए जोहर चैक और कृष्णा टॉकिज रोड होते हुए शहीद रजनीकांत स्मारक स्थल पहुंची, जहां पर शहीद रजनीकांत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (उपकेंद्र) संभाग-दो, रावणभाटा, रायपुर,**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ0रा0 विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कम्पनी) CIN-U40108CT2003SGC015820
(Address: 132 KV GIS S/s Building, Rawanbhata, Near Bhatagaon Chowk, Raipur)
E-mail Id:- eess2trans.raipur@gmail.com Fax/Phone No. 0771-2576453

क्रमांक/52-68/क्रय/वाहन/1/576143/2026 — रायपुर, दिनांक : 11/08/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

**लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप 2.0 टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध हेतु**

कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र, संभाग-दो, छ.स्टेट.पॉ.ट्रांस. कं लिमि., रावणभाटा, रायपुर के अंतर्गत सहायक यंत्री, 132 के.व्ही. उपकेन्द्र, झलप के लिये वाहन चालक सहित 01 नग लाईट कॉमर्शियल वाहन (पिकअप 2.0 टन) अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय |
|---|---|---|
| दिनांक 27.08.2026 समय 05:00 बजे तक | दिनांक 01.09.2026 समय 03:00 बजे तक | दिनांक 02.09.2026 समय 04:00 बजे |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट **http://cspc.co.in/csptcl_tendernotices** से डाउनलोड की जा सकती है। नोट:-निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र अथवा अन्य संसोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। उक्त सभी सूचनायें केवल कंपनी के अधिकारिक वेबसाईट में ही प्रकाशित की जायेगी।

कार्यपालन यंत्री (उपकेन्द्र) संभाग-दो
छ.ग.स्टेट.पावर.ट्रांस.कं.लिमि. रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं — S- 48746/3

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा क्रमांकः सी.ए.ओ./सी./बी.एस.पी./26-27/14
दिनांकः 30.07.2026, (EPC)(ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

**कार्यः** "छत्तीसगढ़ राज्य में दल्लीराजहरा रावघाट- जगदलपुर नई रेलवे लाइन परियोजना के तहत, रावघाट-जगदलपुर (140 किमी) नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) अनुबंध पैकेज-I इसमें कुरकानार से भानपुरी तक (चेनेज 12+700 से 42+600) का हिस्सा शामिल है; इसमें कुरकानार स्टेशन शामिल नहीं है, लेकिन भानपुरी स्टेशन शामिल है।"
**निविदा मूल्यः** रु.4550200000.00, **अमानत राशिः रू.91004000.00 निविदा दस्तावेज की लागतः शून्य, कार्य पूरा होने की अवधिः** 730 (सात सौ तीस) दिन, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से । **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 27/11/2026 को 15:00 बजे तक । **निविदा खोलने का समय एवं दिनांकः** 04/12/2026 को 15:30 बजे ।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, अथवा बिलासपुर-पिनः 495004 अथवा उप-मुख्य अभियंता/निर्माण/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर- पिनः 492009 अथवा मुख्य परियोजना प्रबंधक/पश्चिम/निर्माण/नागपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर- पिनः 440001 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उसे डाउन लोड कर/देख सकते हैं।

*उप मुख्य अभियंता/निर्माण-III*
सीपीआर/10/327 — द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /34256/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 12-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34256**
**वार्ड का नाम-70 - संत रविदास वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568H0333B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AJAY PRAKASH SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND PRASAD SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RADHIKA DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34327/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 11-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34327**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226Z0341C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PADMINI NAIR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV PRAKASH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PREMNATH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MADAN LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /34326/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 11-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34326**
**वार्ड का नाम- 8 - महात्मा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226H00108** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BALAGAT SARFRAZ CHISTY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHARIF CHISTY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAYA VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./34338/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34338**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00844** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DUMENDRA KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA PRASAD SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HARSHA DEMBANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH DEMBANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./34339/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34339**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J00549** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PUSHPA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJESH KUMAR JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RESHMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMAL KISHOR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./34341/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34341**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651J0454C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VINAYAK SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AVINASH SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANDHYA BISWAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRADEEP KUMAR BISWAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./34343/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34343**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N0882B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VICKY CHEEJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRA KUMAR CHEEJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KAVITA MOTWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH MOTWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./34344/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34344**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651H00739** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JARINA BEGUM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HAJI MO. RASID KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHABITA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SIRI CHAND SACHDEV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./34345 / न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34345**
**वार्ड का नाम- 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446N01272** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. VICKY RATNANI , 2. RAJKUMAR CHABLANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MANOHARLAL RATNANI , ARJUNDAS CHABLANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DILIP BEHERA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HADI BEHERA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./34381/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34381**
**वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330D0502A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARGIS PRAVEEN W/O MOH. SALAM QURESHI (D/O LT. NIYAZ AHMED)** पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD IMARAN RIZVI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O MOHAMMAD ILIYAS RIZVI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /34414/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 13-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34414**
**वार्ड का नाम- 19 - डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 19 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. . **RPR802N00481** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RADHESHYAM SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PREMLAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KANTU RAM DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHNU PRASAD DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## कलेक्टर-एसपी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने आज शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा, रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा परेड की सलामी ली जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

# ग्रीन औद्योगिक विकास के प्रति छत्तीसगढ़ की प्रतिबद्धता और मजबूत - CII ग्रीन स्टील एंड माइनिंग समिट 2026 का समापन





**नवा रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ ने एक प्रतिस्पर्धी, निवेश-अनुकूल और टिकाऊ औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूत किया है। नवा रायपुर में आयोजित 5वें CII ग्रीन स्टील एंड माइनिंग समिट 2026 के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के राज्य परिप्रेक्ष्य एवं विशेष संबोधन ने प्रमुख आकर्षण के रूप में सभी का ध्यान केंद्रित किया।

सत्र के दौरान वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास की प्राथमिकताओं, नीतिगत सुधारों तथा स्टील, खनन, विनिर्माण और संबद्ध क्षेत्रों में सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। स्टेट पर्सपेक्टिव सत्र में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, CSIDC के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री विकास शील, आईएएस, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, आईएएस, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, आईएएस, CII के अध्यक्ष श्री आर. मुकुंदन, CII ईस्टर्न रीजन की स्टील सब-कमेटी के चेयरमैन श्री सिद्धार्थ अग्रवाल, CII छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन श्री बजरंग गोयल तथा CII ईस्टर्न रीजन के रीजनल डायरेक्टर श्री देव ज्योति सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस अवसर पर निवेश के आशय पत्रों (Letters of Intent to Invest) का आदान-प्रदान भी किया गया, जो राज्य में औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने तथा नए निवेश को आकर्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

दो दिवसीय इस समिट में भारत सहित विदेशों से 700 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता ने इस आयोजन को वैश्विक स्वरूप प्रदान किया। समिट में स्टील एवं माइनिंग वैल्यू चेन से जुड़े नीति-निर्माताओं, विनिर्माताओं, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, सस्टेनेबिलिटी विशेषज्ञों और शिक्षाविदों सहित विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया।

समिट का मुख्य उद्देश्य नवीन तकनीकों, वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रभावी नीतिगत ढांचे पर विचार-विमर्श करना था, ताकि भारत के स्टील क्षेत्र को कम-कार्बन और हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

समिट के दौरान: - 8 तकनीकी सत्र एवं पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनमें 40 से अधिक विशेषज्ञ वक्ताओं ने भाग लिया। इन सत्रों में कम-उत्सर्जन वाले स्टील उत्पादन के मार्ग, ग्रीन स्टील को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप तथा कम-कार्बन स्टील उत्पादन से जुड़े वैश्विक उदाहरणों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

55 से अधिक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनियों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक तकनीकों से जुड़े अत्याधुनिक समाधान प्रदर्शित किए गए, जिससे तकनीकी प्रदाताओं और स्टील एवं खनन उद्योग के बीच सहयोग की नई संभावनाएं बनीं।

70 से अधिक उद्योगों ने सहभागिता की, जिनमें प्राथमिक एवं द्वितीयक स्टील उत्पादक, उपभोक्ता, अनुसंधान संस्थान, अंतरराष्ट्रीय संगठन और गैर-सरकारी संगठन शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ बनेगा भारत का अग्रणी ग्रीन स्टील हब: मुख्यमंत्री - अपने विशेष संबोधन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि ष्ट्ठ्ठ द्वारा आयोजित यह समिट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और स्टील एवं माइनिंग सेक्टर को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ के पास भारत का अग्रणी ग्रीन स्टील हब बनने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। हमारे पास प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन, मजबूत औद्योगिक आधार, विश्वसनीय बिजली व्यवस्था, कुशल मानव संसाधन और प्रगतिशील नीतिगत वातावरण है। भारत जहां वैश्विक स्टील पावरहाउस बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहीं नेट-जीरो के लक्ष्य को भी प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में छत्तीसगढ़ इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है।'

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य ने स्टील उत्पादन क्षमता को वर्तमान 28 मिलियन टन से बढ़ाकर 45 मिलियन टन करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस औद्योगिक विस्तार को गति देने के लिए राज्य में नई औद्योगिक नीति लागू की गई है तथा जन विश्वास अधिनियम (Jan Vishwas Adhiniyam) के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल और उद्योग-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

औद्योगिक विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल प्रक्रियाओं पर जोर - छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (CSIDC) के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल ने राज्य की औद्योगिक विकास रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का औद्योगिक विकास वर्तमान में बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल प्रक्रियाओं के एकीकरण और विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक विविधीकरण पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि राज्य में अप्रैल 2025 से अब तक 13 औद्योगिक पार्कों का निर्माण पूरा किया जा चुका है, जबकि 7 अन्य परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। राज्य में विशेषीकृत औद्योगिक क्लस्टर्स के विकास पर भी रणनीतिक रूप से ध्यान दिया जा रहा है, विशेषकर नवा रायपुर क्षेत्र में। उन्होंने बताया कि राज्य के औद्योगिक पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण नई पहल के रूप में राजनांदगांव जिले में स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जा रही है, जो छत्तीसगढ़ में भविष्य की उच्च-तकनीकी औद्योगिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा।

## 150 फीट लंबे तिरंगे के साथ निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा



**बिरगांव (विश्व परिवार)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से 14 अगस्त 2026, शुक्रवार को बिरगांव में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा दोपहर 2:00 बजे गाज़ी नगर से प्रारंभ होगी।

इस यात्रा का विशेष आकर्षण 150 फीट लंबा विशाल तिरंगा झंडा रहेगा, जिसे लेकर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए यात्रा आगे बढ़ेगी। यात्रा गाज़ी नगर ? बॉम्बे बेकरी ? नगर निगम कार्यालय ? बुधवारी बाजार ? व्यास तालाब चौक होते हुए जौहरे आज़म चौक, गाज़ी नगर पहुंचेगी, जहां यात्रा का भव्य समापन किया जाएगा।

पार्षद इकराम अहमद ने बताया कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता, आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। यात्रा में क्षेत्र के नागरिकों से उत्साहपूर्वक शामिल होकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं प्रेम की भावना को मजबूत करने की अपील की गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों एवं निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाएगा। साथ ही यात्रा को शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन से आवश्यक यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

## पुलिस सम्मान एवं संवाद समारोह तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ की गई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दिनांक 21 जुलाई को हुई चोरी की घटना के पश्चात पुलिस विभाग द्वारा तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ की गई कार्रवाई के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करने हेतु तारवानी एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स में 'पुलिस सम्मान एवं संवाद समारोह' का आयोजन किया गया। समारोह के प्रारंभ में 'सीए चेतन तारवानी' ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा की गई त्वरित एवं सराहनीय कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया तथा समारोह के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। इस समारोह का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के साथ-साथ उनके कार्यों, अनुभवों, चुनौतियों एवं समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों को समझने का एक सार्थक अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया तथा उनके साथ एक आत्मीय एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) स्मृतिक राजनाला' ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 'क्राइम ब्रांच एक ऐसी टीम है, जो भले ही हमेशा वर्दी में नजर नहीं आती, लेकिन दिन-रात लोगों की सेवा और सुरक्षा के लिए कार्यरत रहती है।'




25 वर्ष का अनुभव RIFCO TAX CONSULTANTS Since 1998
GST
ITR
फाइल बनवाएं मात्र 500/-
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
▪Income Tax फाइल - GST रजिस्ट्रेशन - TDS Return
▪CMA Data - MSME Registration - Balance Sheet
▪प्रोजेक्ट रिपोर्ट-GST Return - फूड लाइसेंस
संपर्क : शेखर गुप्ता Whatsaap पर बनवाएं
WWW.ONLYTDS.COM
9300755544

## मंत्री राजवाड़े की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा



**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा में लगभग एक हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगा यात्रा शासकीय कन्या हाई स्कूल, बिश्रामपुर से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक तक पहुंची और निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।

## दुर्ग-हटिया-दुर्ग व शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली 02 जोड़ी गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। विवरण इस प्रकार है - गाड़ी संख्या 18641 हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस में 01 अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दिनांक 18 अगस्त 2026 को तथा गाड़ी संख्या 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस में दिनांक 19 अगस्त 2026 को उपलब्ध रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 01 अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा दिनांक 15 अगस्त से 21 अगस्त 2026 तक तथा गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में दिनांक 17 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इन गाड़ियों में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

## मैट्स विश्वविद्यालय में 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला, हिन्दी विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कविताओं का भावपूर्ण काव्य-पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में काव्य-पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को कुलसचिव गोकुलानंद पंडा, विभागाध्यक्ष हिन्दी डॉ. रेशमा अंसारी, डॉ. परमिंदर कौर एवं डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कॉटन सिल्क फैब : रायपुर में हस्तकला और फैशन का उत्सव में 20% की छूट



**रायपुर (विश्व परिवार)।** समता कॉलोनी स्थित श्री शिकारपुरी पंचायत (प्रवेश: निःशुल्क) भवन में 1 अगस्त से 16 अगस्त तक चल रहा समय: प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से रात 09:00 बजे कॉटन सिल्क फेयर इस कॉटन सिल्क फैब का उद्घाटन समता कॉलोनी के पार्षद श्री आनंद अग्रवाल द्वारा किया गया। जो कि शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस मेले का आयोजन भारतीय शिल्पकार समिति ने किया है, जिसका उद्देश्य देशभर की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना है। मेले में उपलब्ध वस्तुएँ तमिलनाडु और कश्मीरी साड़ियाँ-पारंपरिक बुनाई और डिज़ाइन की झलक लखनऊ चिकन कारी- महीन हाथ की कढ़ाई का नमूना पंजाब फुलकारी रंग-बिरंगे धागों से बनी कढ़ाई खादी और हैंडवोवन शर्ट्स स्वदेशी कपड़ों की पहचान फैशन ज्वेलरी और व्हाइट मेटल ज्वेलरी -आधुनिकता और परंपरा का संगम होम डेकोर, खिलौने और कॉटन बेड शीट्स ङ्क घर और परिवार के लिए उपयोगी वस्तुएँ त्योहारों पर विशेष ऑफर 15 अगस्त को मेले में रक्षा बंधन और तीज के अवसर पर विशेष खरीदारी का आयोजन होगा। आयोजकों का कहना है कि इस दिन परिवारों के लिए खास ऑफर और आकर्षक संग्रह उपलब्ध रहेंगे। आयोजन का विवरण में सांस्कृतिक महत्व यह मेला केवल खरीदारी का अवसर नहीं है, बल्कि भारतीय हस्त कला और परंपराओं को करीब से जानने का भी मौका है। स्थानीय लोग और बाहर से आए आगंतुक इस आयोजन को भारतीय संस्कृति का उत्सव मान रहे हैं।

## विधानसभा चौक से खरोरा तक 'तिरंगामय' हुआ धरसींवा

- **विधायक अनुज शर्मा की अगुवाई में 20 गांवों से गुजरी भव्य शौर्य यात्रा**



**धरसींवा/खरोरा (विश्व परिवार)।** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनुज शर्मा के ओजस्वी नेतृत्व में आज क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। 'एक कदम देश के नाम' के संकल्प के साथ निकाली गई इस विशाल बाइक रैली में कार्यकर्ताओं का अपार उत्साह और देशभक्ति का अनूठा जज्बा देखने को मिला। विधायक अनुज शर्मा ने स्वयं विधानसभा चौक से राष्ट्रीय ध्वज लहराकर इस तिरंगा यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया।

### खुद बुलेट पर सवार हुए विधायक अनुज शर्मा

पूरी यात्रा के दौरान विधायक अनुज शर्मा खुद बुलेट (बाइक) पर सवार होकर आगे चल रहे थे, जिन्हें देखकर कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना हो गया। रैली में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ताओं के हाथों में लहराता राष्ट्रध्वज और उनके चेहरों पर देशभक्ति का अनूठा प्रेम देखते ही बन रहा था। भारत माता के जयकारों और गगनभेदी राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा धरसींवा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

विधानसभा चौक से प्रारंभ होकर यह विशाल तिरंगा यात्रा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से गुजरते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाती रही। यह यात्रा ग्राम बरोदा, भुरकोनी, मांढ़र, सिलतरा, चरौदा, धरसींवा, कुंरा, देवरी, मनोहरा, कुथरेल, मलौद, कुरुद, सिलयारी, बरतोरी, खौना, कुर्रा, बंगोली, मुरा और मोहरेंगा होते हुए नगर पंचायत खरोरा पहुंची।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354